परिधावी संवत्सर

शास्त्रीयदृक्सिद्ध

श्रीभोजराजपञ्चाङ्ग

प्रधान सम्पादक

आचार्य प्रकाश पाण्डेय

प्राचार्य

सम्पादक

प्रो. हंसधर झा आचार्य एवं अध्यक्ष

डॉ. श्यामदेव मिश्र सहायक आचार्य

सह-सम्पादक

डॉ. अवधेश कुमार श्रोत्रिय अ. सहायक आचार्य
-पञ्चाङ्गपूर्वपीठिका लेखन

डॉ. आशीष कुमार चौधरी अ. सहायक आचार्य
-वार्षिक राशिफल एवं राहु साधन

डॉ. अनिल कुमार अ. सहायक आचार्य
-मुहूर्त्त निर्णय

डॉ. भूपेन्द्र कुमार पाण्डेय अ. सहायक आचार्य
-व्रतपर्व निर्णय व विषय समायोजन

डॉ. रविन्द्र प्रसाद उनियाल अ. सहायक आचार्य
-वास्तुशास्त्र विषय समायोजन

रोहित पचौरी (J.R.F.) पञ्चाङ्ग परियोजना
-अक्षर संयोजन एवं तकनीकी सहयोग

छात्र कल्याण परिषद्

(1) गणेश शिन्दे - प्राक् शास्त्री
(2) केशव शर्मा - शास्त्री
(3) शिल्पी उपाध्याय - आचार्य
(4) सोहन लाल आर्य - शिक्षाशास्त्री
(5) प्रतिभा - शिक्षाचार्य

पञ्चाग निर्माण में सहायक ज्योतिष विभागीय छात्र

सीताकान्त कर, शुभम महंत, अनुराग, सचिन मिश्रा, अनुराग शर्मा, सत्यम पाण्डेय, सौरभ शर्मा, पंकज पारीक, सत्यम मिश्रा, नीतू शर्मा, स्मिता पंडित, विमलेश विजयवर्गीय, चित्रांशी शर्मा, सौरभ, आकाश नंदनधरे, साहस पाण्डेय।

प्रकाशक विवरण

प्रकाशक

© **प्राचार्य,** राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, भोपाल परिसर, भोपाल (म.प्र.)

प्रकाशन वर्ष - 2019-20, अङ्क - नवम, ISSN 2277-2030

संख्या - 700 **मूल्य - 80/-**

प्राप्ति स्थान - विक्रयविभाग, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, भोपाल परिसर

संस्कृत मार्ग, बाग सेवनिया, भोपाल - 462043

दूरभाष - 0755-2418043

फैक्स - 0755-2418003

ई-मेल - bhojrajpanchang@gmail.com

बेवसाइट- www.rsksbhopal.ac.in

इस पञ्चाङ्ग का निर्माण भारत सरकार के मौसम विज्ञान विभाग के अन्तर्गत कार्यरत कोलकाता स्थित खगोल विज्ञान केन्द्र के गणकाङ्कों पर आधारित है। अत: उनके प्रति परिसर आभार व्यक्त करता है।

पञ्चाङ्ग का परिचय

अक्षांश 23°/16' पलभा 05/09/35 वर्षारम्भ में अयनांश 24°/7'/04"

यह पञ्चाङ्ग भोपाल शहर के कालमान (अक्षांश और रेखांश) के अनुसार निर्मित है। तिथि और नक्षत्र के आगे निर्दिष्ट घटीपल उसके सूर्योदय के बाद की स्थिति को बताता है, इसी तरह घटी-पल के आगे निर्दिष्ट घंटा मिनट उसके अन्त काल को दर्शाता है। पञ्चाङ्ग में दिए गए समस्त घंटा मिनट स्टैण्डर्ड मानक समय में ही दिये गये हैं। जनसामान्य इस पञ्चाङ्ग के समय को अपनी घड़ी के अनुरूप मिलाकर समय का उपयोग कर सकते हैं, अर्थात् घड़ी के समय के अनुरूप मानक समय में ही तिथ्यादि के जो समय दिये गये हैं, वे सभी रेडियो टाइम के अनुसार समझना चाहिए।

इस पञ्चाङ्ग के गणित और ग्रह गणना का आधार भारतीय मौसम विज्ञान विभाग कोलकाता स्थित खगोल विज्ञान केन्द्र के द्वारा निर्मित भारत मध्यस्थानीय गणांक है।

इस पञ्चाङ्ग में भारत के कुछ शहरों के अक्षांश-रेखांश तथा मध्यप्रदेश के कुछ शहरों के रेखांश, अक्षांश, देशान्तर, पलभा एवं लग्नप्रमाण दिये गये हैं, साथ ही किसी भी स्थान के लिए सूर्योदय और सूर्यास्त साधन हेतु चरसारणी आदि दिया गया है। इसके आधार पर उन प्रदेशों में तिथ्यादि मान जाना जा सकता है। इसमें राश्यादि स्पष्ट दैनिकग्रह, दैनिकलग्नान्तकाल, ग्रहों का राशि प्रवेश, उदयास्त, द्वितीया एवं चतुर्थी तिथि का चन्द्रोदय एवं चन्द्रदर्शन, विवाहादि शुभकर्म हेतु मूहूर्त्त दिये गये हैं, साथ ही मेलापक, षोडशोपचारपूजनविध, ग्रहशान्ति, तर्पण तथा अशौचादि आवश्यक विषयों का भी विवरण दिया गया है, जिसके आधार पर विज्ञजन निर्णय लेने में सक्षम होंगे।

विशेष - इस पञ्चाङ्ग में प्रतिदिन के मूहूर्त्त के साथ कुछ उपयोगी ज्योतिषीय विचार व निर्णय दिये गये हैं। जो पूर्णतया शास्त्रानुसार है यह पञ्चाङ्ग प्रत्येक व्यक्ति के लिए उपयोगी हो और सरल हो एतदर्थ सभी अपेक्षित प्रयास किये गये हैं फिर भी विद्वज्जनों और सुधी पाठकों से अपेक्षित सुझाव व परामर्श आमन्त्रित है।

सूचना - पञ्चाङ्ग से सम्बन्धित सभी न्यायिक मामले भोपाल न्यायपालिका कार्यक्षेत्र के ही अन्तर्गत होगा।

विषयसूची

क्र.	विषय	पृ.स.	क्र.	विषय	पृ.स.
01	पञ्चाङ्ग का परिचय	01	32	षोडषोपचार-देवपूजनविधि	48
02	सम्पादक मण्डल की ओर से ...	02	33	तर्पण प्रयोग विधि	50
03	पञ्चाङ्ग पूर्वपीठिका	03	34	नवग्रहस्तोत्र	52
04	द्वादशराशियों घात चक्र	06	35	श्रीकनकधारास्तोत्र	52
05	वार्षिक राशिफल	06	36	अक्षांश-रेखांश सारिणी	53
06	ग्रहणविवरण	08	37	परिसरीय गतिविधियाँ	56
07	मुहूर्त्तविचार	08	38	भवन निर्माण में सरल वास्तु के	
08	ग्रहों का उदयास्त वक्री, मार्गी	12	39	अनमोल स्वर्णिम सूत्र	57
09	अभीष्ट स्थान के सूर्योदय साधनविधि	13			
10	अक्षांश से सारिणी द्वारा पलभाज्ञान	13			
11	चरसारिणी	13			
12	क्रान्तिसारिणी	14			
13	वेलान्तरसारिणी	14			
14	भोपाललग्नसारिणी	15			
15	अक्षांश, रेखांश, देशान्तर...	15			
16	पञ्चाङ्ग तिथ्यादिविवरण 2017-18 स्पष्टग्रह, दैनिकमुहूर्त्त, सिद्धियोगादि	16-39			
17	विवाह मेलापक विचार	40			
18	विवाह मुहूर्त्त के 10 दोषों का विचार	40			
19	शतपदचक्र, ग्रह उच्च-नीच चक्र	42			
20	अष्टविध मेलापकचक्र	42			
21	वरवधूगुणबोधकचक्र	43			
22	ग्रहों की दशा अन्तर्दशा सारिणी	43			
23	चौघड़िया-नष्टवस्तु-अंगस्फुरण आदि	44			
24	नक्षत्र कष्टावली-यात्रानक्षत्रविचार	44			
25	स्वप्नविचार	45			
26	द्वादशभावस्थ ग्रहफलविचार	45			
27	वर्षकुण्डली में ग्रहफल	45			
28	ग्रहों के दानपदार्थ	46			
29	ग्रहों के शान्तिमन्त्र	46			
30	पञ्चसूक्त	46			
31	यज्ञोपवीत धारण विधि	48			

विनम्र निवेदन

संवत् 2076 का श्रीभोजराजपञ्चाङ्ग आपके कर कमलों में समर्पित करते हुए अपार हर्ष हो रहा है। इस वर्ष पञ्चाङ्ग को पारम्परिक स्वरूप देते हुए दैनिक मुहूर्त्त व योगादि में भी वृद्धि की गई है फिर भी मानवीय त्रुटि सम्भावित रहती है अत: सभी सुधीजन पाठकों से निवेदन है कि इस प्रयास को और बेहतर करने हेतु आपका अमूल्य सुझाव अपेक्षित है। आपके सुझाव निम्न संकेत पर आमन्त्रित हैं -

bhojrajpanchang@gmail.com

यथा शिखा मयूराणां
नागानां मणयो यथा।
तद्वद्वेदाङ्गशास्त्राणां
ज्योतिषं मूर्ध्नि संस्थितम्।।

सम्पादक मण्डल की ओर से .....
पञ्चाङ्ग प्रकाशन की अनिवार्यता

प्रो.हंसधर झा

डॉ. श्यामदेव मिश्र

संस्कृत को देववाणी कहते हैं और यह वाणी अमर मानी जाती है। इसको कल्पना या कोई पौराणिक आख्यान के रूप में न देखकर इसके वैज्ञानिक तथ्य को ढूंढने के लिये प्रयास करने की आवश्यकता है। इतिहास का अध्ययन करने पर यह तथ्य सामने आता है, कि विश्व की अनेक नागरिकताएं तथा भाषाएं उसकी गोद में समा गयीं। उनका कोई नमूना भी नहीं बचा है। किन्तु भारतीय सभ्यता अजर और अमर है। विज्ञान को दैनिक जीवन में समाविष्ट रखना ही उस अमरता का महत्त्वपूर्ण कारण है। इस अभियान में उसका पूरा साथ दिया है संस्कृत ने, जो एक भाषा ही नहीं एक विज्ञान भी है, और गम्भीर ज्ञान भी। अब जरूरत है आधुनिक उपलब्ध वैज्ञानिक साधनों से इस बात को सिद्ध करने की। इस महनीय कार्य का एक छोटा सा प्रयत्न आपके समक्ष यह पञ्चाङ्ग प्रस्तुत है।

भोजराज पञ्चाङ्ग का नवमाङ्क

वेदेषु विद्यासु च ये प्रदिष्टाः धर्मादयः कालविशेषतोऽर्थाः। ते सिद्धिमायान्त्यखिलाश्च येन तद्वेदनेत्रं जयतीह लोके।।(आर्ष्टिसेनिः) कालविशेष से वेदों में और विद्याओं में जो धर्मादि उपदिष्ट हैं, उनकी सिद्धि जिस वेदनेत्ररूपी ज्योतिष से होती है, वह लोक में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करता है।

लगभग १००० वर्ष पहले राजा भोज ने भोपाल शहर का निर्माण किया था। राजा भोज मध्यकालीन भारत के महान् विभूतियों में से एक हैं। संस्कृत के विद्वानों के भरण पोषण एवं प्रोत्साहन में सदैव तत्पर राजा भोज महान् वास्तुविद् और ज्योतिषशास्त्र के मर्मज्ञ भी थे। साहित्य, ज्योतिष, आयुर्वेद आदि अनेक शास्त्रों में इन्होनें ८४ से अधिक ग्रन्थ लिखे हैं, जो प्रायः सभी प्रसिद्ध हैं। उस महान् ज्योतिर्विद् के स्मरण में उसी की महानगरी से प्रकाशित होने वाले इस पञ्चाङ्ग का नाम भोजराज पञ्चाङ्ग किया गया है।

यह पञ्चाङ्ग भोपाल को मुख्य मानकर बनाया गया है। तिथ्यादि का मान मानक (स्टैण्डर्ड टाइम) समय के अनुसार लिखा गया है, तथा तिथि एवं नक्षत्र का घटयादि मान भी दिया गया है। विषयावबोध की दृष्टि से विद्वानों के द्वारा लिखे गये पञ्चाङ्ग से सम्बन्धित विभिन्न शोधलेख भी इस अङ्क में समाविष्ट किये गये हैं, जो निश्चय ही जिज्ञासुओं के लिए उपयोगी होगें। इस पञ्चाङ्ग के निर्माण का उद्देश्य आम जनता तक इसे पहुंचना है। अतः इसमें अत्यन्त सरल हिन्दी भाषा का प्रयोग किया गया है, और प्रायः सभी अंगों के नामों को पूरा लिखा गया है। इस पञ्चाङ्ग में अपेक्षित सुधार से सम्बन्धित सभी सुझाव सादर आमन्त्रित हैं।

राजा भोज संस्कृत के महान् विद्वान् और पोषक थे। उन्होंने सन् १०१० के आसपास अनेक प्रकार के सांस्कृतिक एवं शैक्षिक प्रतिष्ठानों की स्थापना की। इनके अनेक ग्रन्थ आज भी प्रचलन में हैं। उनके द्वारा निर्मित समरांगणसूत्रधार वास्तुशास्त्र का एक महान् ग्रन्थ है। राजा भोज के बारे में जितना भी लिखा जाय वह कम ही होगा। पञ्चाङ्ग के प्रथम अंक में राजा भोज का विस्तृत परिचय एवं संस्कृत एवं संस्कृति के क्षेत्र में उनके योगदान के सम्बन्ध में विस्तृत विचार प्रस्तुत किया गया है। यह उस पञ्चाङ्ग परम्परा का नवम वर्ष है।

पञ्चाङ्ग की प्रासंगिकता

भारतीय परम्परा में पञ्चाङ्ग का महत्त्वपूर्ण स्थान है। वर्तमान में भी प्रायः अधिकतम भारतवासी प्रतिदिन किसी न किसी कार्यवश पञ्चाङ्ग के सम्पर्क में आते हैं। पञ्चाङ्गस्थ जानकारी का अनुसरण जनता आँख मूँदकर करती है। ज्योतिषशास्त्र की उपादेयता पूर्णतः पञ्चाङ्ग में सन्निहित है।

उद्देश्य - अधिकतम भारतीयों के लिये पञ्चाङ्ग एक आवश्यक एवं अनिवार्य उपकरण है। आज भारत में विभिन्न भाषाओं में १०० से ज्यादा पञ्चाङ्ग मुद्रित हो रहे है, किन्तु मध्ययुग से आज तक पञ्चाङ्गों में अनेकों वैमत्य चले आ रहे है। वस्तुतः पञ्चाङ्ग निर्माण की साम्प्रतिक विधाओं ने आधुनिक विज्ञान के प्रादुर्भाव से पहले ही जन्म ले लिया था। इस पञ्चाङ्ग निर्माण के अन्तर्गत अनेक वैज्ञानिक विषयों का अध्ययन आज तक आधुनिक विज्ञान के आधार पर नही हो पाया है, जो कि आवश्यक है।

प्राचीन मौसम विज्ञान के आधार पर अनेक सूचनायें पञ्चाङ्ग में दी जाती हैं। वे सूचनायें कृषिक्षेत्र से लेकर अनेक प्रकार के कार्यों में उपयोगी हो सकती हैं। यात्रा सम्बन्धी सूचनायें अत्यन्त वैज्ञानिक हैं। विवाहादि के मुहूर्त और मेलापक आदि अनेक विषय वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक दृष्ट्या महत्त्वपूर्ण हैं। इन सभी सूचनाओं का पालन व आचरण अनेक प्रकार की समस्याओं को दूर करने वाला होता है।

व्रत पर्व एकादशी आदि का निर्णय - इस पञ्चाङ्ग में व्रतादि का निर्णय पूर्णरूप से शास्त्र एवं परम्परा के अनुरूप दिया गया है। एकादशी, गणेशचतुर्थी, संकष्टहरचतुर्थी, बुधाष्टमी आदि पर्वों के पालन में शास्त्रमर्यादा के अनुरूप पालन हो, साथ ही परम्परा का भी विरोध न हो, इसका ध्यान रखते हुये धर्मशास्त्रसम्मत निर्णीत विषय को प्रस्तुत किया गया है।

पञ्चाङ्ग के सामान्य भाग

पञ्चाङ्ग में विविधविधियों का समाहार होता है। जिसमें राजादिवर्णन, व्यक्तिगत एवं समष्टिगतफल, मुहूर्तादिवर्णन, मुहूर्तनिर्णय स्नान-दान आदि धर्मशास्त्रोक्त विषयों का निर्देश, चैत्रादि १२ मासों के २४ पक्षों का तिथ्यादिमान, सूर्योदय–सूर्यास्त, दिनमान, सूर्यादि ग्रहों का दैनिकमान, लग्नान्तकाल, तिथिनिर्णय, व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करने वाले अनेक अंशो का विवरण एवं मार्गदर्शन प्रस्तुत किया जाता है, जो परम्परा में आस्था रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के दैनिक जीवन में मददगार साबित होता है। इसी प्रकार विवाहमेलापक कैसे करना है, मांगलिक दोष क्या होता है और उसका परिहार कैसे होगा, रत्न पहनें तो क्या पहनें, अशौच का निर्णय कैसे होगा, शिशुजन्म लिया है तो शान्ति करनी पड़ेगी क्या, जन्मलिये बच्चे का क्या नाम रखेंगे, यात्रा किस दिन करें आदि अनेक विषयों का उल्लेख किया जाता है।

वर्तमान में विभिन्न पञ्चाङ्ग - महामहोपाध्याय बापूदेवशास्त्री जी ज्योतिष, प्राचीन गणित एवं पाश्चात्य गणित के प्रकाण्ड विद्वान् थे। उनके द्वारा उन्नीसवीं सदी के मध्यकाल में एक नयी प्रथा प्रारम्भ की गयी। जन मानस में उनके द्वारा प्रवर्तित पञ्चाङ्ग बहुत प्रचलित हो गया। सम्भवतः तब से पञ्चाङ्ग रचना की दो मुख्य धारायें बहने लगीं। वस्तुतः विषय का अवलोकन गम्भीरता से करने पर इस अन्तर का ज्ञान निष्पन्न हो जाता है, साथ ही यह भी सिद्ध हो जाता है, कि वास्तव में ये दो धारा नही है, बल्कि शास्त्रीय पद्धति ही है।

बापूदेव शास्त्री जी के द्वारा सम्पादित दृक्सिद्ध पञ्चाङ्ग का प्रथम संस्करण विक्रम संवत् १९३३ में अर्थात् सन् १८७६ में प्रकाशित हुआ था। जिसका सम्पादन काशीराज ईश्वरीनारायण सिंहजी की अनुमति से हुआ। इस सन्दर्भ में १९३३ विक्रम संवत् के ज्येष्ठ शुक्ल नवमी के दिन काशी में एक सभा का आयोजन हुआ जिसमें श्री शास्त्री जी नें १५-१६ पृष्ठों का अपना उपपादन पढ़ के सुनाया। इस सन्दर्भ में श्री शास्त्रीजी ने प्रमाण के रूप में वसिष्ठ संहिता का निम्नोक्त वचन प्रस्तुत किया। **यस्मिन् पक्षे यत्र काले येन दृग्गणितैक्यकम् दृश्यते येन पक्षेण कुर्यात् तिथ्यादिनिर्णयम्।।** (वसिष्ठसंहिता) इसका अर्थ इस प्रकार है। जिस किसी के मत में, जिस काल में, जिस गणित से दृष्टि और गणित इनका ऐक्य दिखाई पड़े, उसी मत से तिथि आदि के काल का निर्णय करना चाहिए।

पञ्चाङ्ग सुधार समिति के प्रयास

इस समस्या का समाधान निकालने के लिये स्वतन्त्र भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री पं.जवहरलाल नेहरु के द्वारा एक पञ्चाङ्ग सुधार समिति का गठन सन् १९५२ में किया गया। जिसकी अध्यक्षता तत्कालीन CSIR के अध्यक्ष आचार्य मेघनाथ सहाय ने की थी। इस समिति ने सन् १९९५ में अपने विचार प्रगट किये तथा एफेमेरीज और नाटीकल-अल्मनाक बनाने का सुझाव प्रस्तुत किया। फलस्वरूप भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सन् १९५८ से राष्ट्रिय पञ्चाङ्ग का प्रकाशन प्रारम्भ किया। वर्तमान में इस कार्य को स्वतन्त्र प्रतिपत्ति से युक्त Positional Astronomy Centre करने लगा।

इस समिति ने अनेक प्रस्तावों को पारित किया एवं भारत सर्वकार से इस सम्बन्ध में स्पष्ट निर्देश पञ्चाङ्गकारों को देने के लिए कहा गया है। इन सुझावों को बहुत से लोगों ने स्वीकार किया तो बहुत से लोग इसका विरोध भी किये। उस समिति के पास कुल ६० पञ्चाङ्गकर्ता अपने पञ्चाङ्ग भेजें। बाद में समिति के द्वारा सुधार हेतु सुझाव मांगने पर केवल ४८ लोग अपने सुझाव भेजें। यह समिति मुख्यरूप से १३ सुझाव सर्वकार के समक्ष प्रस्तुत की थी। इस समिति में डा.के.एल दफ्तरि एवं डा.गोरखप्रसाद भी थे, जो स्वयं पञ्चाङ्गकर्ता भी थे, किन्तु इन तमाम प्रयासों के बावजूद भी यह समस्या किसी समाधान की ओर नहीं पहुँच पायी थी। ग्रहसाधन वेधप्रक्रिया की निरन्तरता को अनिवार्यतः अपेक्षा करता है, जो आज के समय में न के बराबर है। ग्रहों का साधन सिद्धान्तोक्त विधान से बनाने चाहिये और उनको दृक्तुल्य भी बनाना चाहिये। आज यह बात स्पष्ट है, कि प्राचीन सिद्धान्तों से बने ग्रह कुछ शिथिलता को प्राप्त कर रहे हैं। यही कारण है कि ग्रहलाघवकार को ग्रहलाघव ग्रन्थ बनाने की आवश्यकता पड़ी। कालक्रम में उत्पन्न होने वाली शिथिलता को दूर करने की बात प्रायः हरेक सिद्धान्तकार प्रस्तुत किये थे। अतः दृक्तुल्य ग्रहों का साधन करना ही इस समस्या का समाधान है। दूसरी विकट समस्या है, अयनांश की। इस समस्या का भी निदान वराहमिहिर आदि प्राचीन आचार्यों के द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्तों के आधार पर साधित अयनांश को अपना कर एक प्रयास किया जा सकता है।

आकाश का अवगमन एवं आकाशस्थ पिण्डों का वेध आदि प्रक्रिया प्रारम्भ कर तदनुसार स्वकीय ग्रहगणित को प्रामाणिक बनाना चाहिये, क्योंकि प्रत्यक्ष होने के कारण वाद-विवाद का अवसर ही नहीं मिलेगा। एक बार गवेषणा की प्रथा के अनुरूप सिद्ध करके तदनुरूप संस्कार परम्परागत विधिविधानों में करना ही एक मात्र विकल्प है। इस सन्दर्भ में प्रमाणों की कमी नही है। नलिकादियन्त्रों के आधार पर ग्रहों के वेध करके बीजसंस्कार करने का सुझाव प्रायः सभी आचार्यों ने प्रस्तुत किया है।

ज्योतिष में ग्रहवेध अभाव में ग्रहस्पष्टीकरण करना सम्भव नहीं है। इससे यह बात भी पुष्ट हो जाती है, कि आज के विसंगतियों का प्रधान कारण वेधपरम्परा का छूटना ही है। विभिन्न स्त्रोतों से ग्रह प्राप्त किये जाते है। साथ ही परम्परागत ग्रहों का भी साधन किया जाय और दोनों का वेध के द्वारा पुष्टि कर परम्परागत ग्रहों में अपेक्षित संस्कार किया जाय। उसी परम्परा को आगे ले जाने के उद्देश्य से श्रीभोजराजपञ्चाङ्ग का प्रारम्भ किया गया। इस महनीय पञ्चाङ्ग कार्य में **डॉ.पी.वी.बी.सुब्रमण्यम, प्रो.वासुदेवशर्मा, डॉ. अशोक थपलियाल, प्रो.भारतभूषण मिश्र** आदि आचार्यों का भी महत्त्वपूर्ण अवदान रहा है। एतदर्थ सम्पादकमण्डल इनके प्रति कृतज्ञता अभिव्यक्त करता है।

पञ्चाङ्गःपूर्वपीठिका

कलिगताब्द	: 5120	ख्रिस्त सन्	: 2019 - 2020
फसली	: 1426 - 27	शालिवाहन शक	: 1941
हिजरी	: 1440 - 41	विक्रम संवत्	: 2076
सप्तर्षिसंवत्	: 5095	श्री महावीरजैननिर्वाण संवत्	: 2544-2545
श्री बुद्धसंवत्	: 2642-43	भारतीय गणराज्यवर्ष	: 69- 70

वर्षादिकृत्य

वर्षारम्भ के दिन प्रातःकाल में दन्तधावनादि कार्योपरान्त मंगलस्नान करके सन्ध्यादि कृत्य पूरा करने के बाद नववस्त्र धारण करके ग्रहादि का पूजन करना चाहिए। साथ ही बन्धुजन, ब्राह्मण और पितरों को मिष्ठान्नादि से सन्तृप्त करना चाहिए।

प्राप्ते नूतनवत्सरे प्रतिगृहे कुर्याद्ध्वजारोपणम्। स्नानं मङ्गलमाचरेद् द्विजवरैः सार्धं सुपूजोत्सवम्।। देवानां गुरुयोषिताञ्च विभवाऽलङ्कारवस्त्रादिभिः। सम्पूज्यो गणकः फलञ्च श्रुणुयात्तस्माच्च लाभप्रदम्।। परिभद्रस्य पत्राणि कोमलानि विशेषतः। सुपुष्पाणि समानीय चूर्णं कृत्वा विधानतः।। मरीचिर्लवणं हिंगुजीरकेण च संयुतम्। अजमोदयुतं कृत्वा भक्षयेद् रोगशान्तये।। यद् वर्षादौ निम्बसुमं शर्करामलघृतैर्युतम्। भक्षितं पूर्वयामे स्यात् तद्वर्षं सौख्यदायकम्।।

संवत्सरादि फलश्रवण का माहात्म्य

राज्यं स्यादचलं नृपश्रवणतो मन्त्रीश्रवात् कौशलम्। धान्येशाद् कमला स्थिरा च सुरसा वाणी भवेन्मेघपात्।। धर्मे बुद्धिरधिष्ठिता रसपतेर्दीर्घायुषत्वं भवेत्। सस्येशाद् विमला मतिः शुभकरी वर्षावली श्रूयताम्।। अर्थात् वर्षारम्भ में संवत्सर के राजा का फल सुनने से राज्य स्थिर होता है। मन्त्री का फल सुनने से कुशलता बढती है। धान्येश का फलश्रवण से लक्ष्मी स्थिर होती है, मेघाधिपति के फल श्रवण से वाणी रम्य होती है। रसपति के फलश्रवण से धार्मिक बुद्धि होती है, एवं सस्येश के फलश्रवण से दीर्घायु मिलती है। अतः शुभ एवं कल्याणकारी वत्सरावली का श्रवण करना चाहिये।

संवत्सरादि फलश्रवणविधि

उदङ्मुखः प्राङ्मुखो वा दैवज्ञस्य तु सन्निधौ। विघ्नेशं भारतीं खेटान् दैवज्ञं ब्राह्मणान् गुरून्।। सम्पूज्य वत्सरफलं साङ्गोपाङ्गं यथाक्रमम्। विकासवदनो भूत्वा ब्रह्मणो जन्मतः फलम्।। अब्दाधीशचमूनाथसस्यपानां बलाबले। तत्कालग्रहचारांश्च सम्यक् ज्ञात्वा फलं लभेत्।। अर्थात् दैवज्ञ के समीप में पूर्वमुख वा उत्तरमुख होकर गणेश, सरस्वती, नवग्रह, गुरु, ब्राह्मण आदि का पूजन करके सांगोपांग वर्ष का फल सुनना चाहिए।

ब्रह्मायुर्निरूपणम् - श्रीमद्भगवतो विष्णोः नाभिकमलोद्भवस्य ब्रह्मणो ब्राह्ममानेन परमायुः १०० वर्षाणि। ३११०४०००००००००सौरवर्षाणि ब्रह्मणः परमायुः। ब्रह्मणः जन्मादि गतसौरवर्षाणि १५५५२१९७२९४९१२०, कल्पादितः गतसौरवर्षाणि १९७२९४९१२०, सृष्ट्यादितः गतवर्षाणि १९५५८८५१२०, अथ ब्रह्मणो द्वितीयपरार्धे श्रीश्वेतवाराहकल्पे सप्तविंशतिमहायुगानि व्यतीतानि। अष्टाविंशमहायुगस्य च कृतत्रेताद्वापराख्ययुगचरणत्रयं व्यतीतम्।

कृतयुगवर्णनम् - कार्तिकशुक्लनवम्यां प्रथमयामे श्रवणनक्षत्रे वृद्धियोगे कृतयुगोत्पत्तिः। सन्ध्यासन्ध्यांशसहितं तन्मानम् १७२८००० सौरवर्षाणि। अस्मिन् युगे श्रीविष्णोः मत्स्यकच्छपवाराहनृसिंहाः चत्वारोऽवताराः। तत्र पापम् ० पुण्यम् २०। **त्रेतायुगवर्णनम् -** वैशाखशुक्लतृतीयायां द्वितीययामे रोहिणीनक्षत्रे शोभनयोगे त्रेतायुगोत्पत्तिः। सन्ध्यासन्ध्यांशसहितं तन्मानम् १२,९६००० सौरवर्षाणि। अस्मिन्युगे श्रीविष्णोः वामनपरशुरामरामास्त्रयोऽवताराः। तत्र पापम् ५ पुण्यम् १५। **द्वापरयुगवर्णनम् -** माघकृष्णामावस्यायां तृतीययामे धनिष्ठानक्षत्रे वरीयानयोगे द्वापरयुगोत्पत्तिः। सन्ध्यासन्ध्यांशसहितं तन्मानम् ८६४००० सौरवर्षाणि। अस्मिन्युगे श्रीविष्णोः श्रीकृष्णबलरामावतारौ। तत्र पापम् १० पुण्यम् १०। **कलियुगवर्णनम् -** भाद्रपदकृष्णत्रयोदश्यां निशीथे कृत्तिकानक्षत्रे व्यतीपातयोगे कलियुगोत्पत्तिः। सन्ध्यासन्ध्यांशसहितं तन्मानम् ४,३२,००० सौरवर्षाणि। अस्मिन्युगे श्रीविष्णोः बुद्धाऽवतारोऽभवत्। कलियुगस्य ८२१ वर्षावशेषकाले कल्क्यवतारो भविष्यति। तत्र पापम् १५ पुण्यम् ५। सम्प्रति कलेः ५११९ सौरवर्षाणि गतानि। भोग्यवर्षाणि ४२६८८१ कलिसंवत् ५१२०। **बार्हस्पत्यवर्षफलम् -** तत्र बार्हस्पत्यमानेन प्रभवादिषष्ट्यब्दानां मध्ये **परिधावी** नाम संवत्सरः, एषः एव सङ्कल्पादौ वर्षान्तं यावत् प्रयोक्तव्यः। तत्र मेषार्कसमये गतमासादयः ०/२३/१९/४० भोग्यमासादयः ११/०६/४०/२०।।

परिधावी संवत्सर का फल - शुभफले परिधाविन्यतुलितबहुसस्यवृष्टिस्स्यात्। निखिलधरामयरहिता मध्यमदेशस्य नाशस्स्यात्।। अनर्घामय रोगेभ्यो भीतिरीतिर्निरन्तरम्। संवत्सरे परिधाविन्यर्घवृष्टिस्तु मध्यमा। परिधावी नामक संवत्सर में बहुत अनाज और पर्याप्त वृष्टि होती है तथा सम्पूर्ण पृथ्वी पर प्राणी नीरोगी रहते हैं, मध्यदेश का नाश होता है। मन्दी, बीमारी, रोगादि से भय और ईतियों से फसल को नुकसान होता है।

गुरूदयाब्दफलम् - गुरुणा सहोदयनक्षत्रवशाद्वर्षं ज्येष्ठाब्दः। तस्य फलम् - **ज्येष्ठाब्दे धर्ममार्गस्था पीडिताश्च नृपाः परैः। वृक्षगुल्मलतावृद्धिर्भवेत् सस्याविनाशनम्।।** ज्येष्ठा नक्षत्र में गुरु का उदय होने के कारण यह वर्ष ज्यैष्ठाब्द है। इस वर्ष में धर्म मार्ग पर चलने वाले लोग पीडित रहते हैं तथा राजाओं में भी वैमनस्य की भावना रहती है। वृक्ष, गुल्म, लता आदि में वृद्धि होती है तथा अनाज का विनाश होता है।

वर्षाधिपति व फल - इन्द्राग्निदैवं दशमं युगं यत्तत्राद्यमब्दं परिधाविसंज्ञम्। इन्द्राग्नि दैव दशम युग है जिसका प्रथम वर्ष परिधावी संज्ञक है। इसके देवता रुद्र हैं।

संवत्सरस्य नृपः - संवत्सर का राजा शनि है। इसका वाहन भैंसा है। वर्ष का स्वामी शनि जिसका का फल - **मध्यानि सस्यानि विचित्र वृष्टिः चोराहवप्रोद्धत राजकोपः। यदुत्तरं सस्यचयं कुधान्यं सम्पूर्णमस्मिन् रविजेऽब्दनाथे।।** राजा शनि के वर्षेश होने से मध्यम धान्योत्पादन और विचित्र वृष्टि होती है तथा चोरकार्य में वृद्धि, रोग का बाहुल्य तथा राजाओं में वैमनस्य रहता है। कुधान्य तथा काले अनाज का उत्पादन रहता है। कुधान्य तथा काले अनाज का उत्पादन अधिक मात्रा में होता है। **नागः - द्वादशनागानां मध्ये नरेन्द्र वज्रदंष्ट्रः।** द्वादश नागों में वज्रदंष्ट्र नामक नाग में पर्याप्त वृष्टि नहीं होती है, खेती सूखी रहती है। **रोहिणीवासः - समुद्रे, फलम् - अतिवृष्टि समयनिवासः - मालीगृहे।** समुद्र में रोहिणीवास होने पर अत्यधिक वृष्टि होती है तथा मालीगृह में रोहिणी का वास होता है। **वायु, तटित्, समुद्र, शेष - सप्तवायूनां मध्ये विहवः वायुः। फलम् - विहवो वृष्टिकृत सदा।** सप्तवायु के मध्य में विहवनामक वायु है जो सदा वृष्टि करने वाली है। **तटित्संज्ञकविद्युत् - निश्चला तु महार्घदा।** निश्चला नामक तटित्संज्ञक में महार्घ फल होता है। तत्र चतुर्विध समुद्राणां मध्ये - उदधिः, तस्य फलम् - सस्यवृद्धिकृत् अर्थात् चतुर्विध समुद्रों के मध्य में उदधि नामक समुद्र है, जिसमें सस्यवृद्धि होती है। गर्जितानां मध्ये - सौम्याख्याः, तस्य फलम् - सौम्याख्ये चातिवृष्टिः। सौम्याख्या नामक गर्जित में अतिवृष्टि होती है। अष्टभूवाहक शेषानां मध्ये - कुलिकाख्यः, तस्य फलम् - कुलिकाख्ये भूमिवहे सर्वसस्य विनाशनम्। अर्थात् कुलिकाख्य भूमिवह में सभी अनाज का नाश होता है।

पशुपालक और उसका फल - बलरामो बुधे शनौ। अर्थात् इस वर्ष का पशुपालक शनि है। इस कारण सभी देशों में सुवृष्टि होती है तथा सभी प्रकार का धान्योत्पादन होता है। तथा मध्यदेश में सुभिक्ष होता है। **सुवृष्टिस्सर्वदेशानां सर्वसस्यसमद्यः। मध्यदेशे सुभिक्षञ्च रामे तु पशुनायके।।**

राजा मन्त्री आदि की निर्णयविधि - चैत्रस्य शुक्लप्रतिपत्तिथौ यो वारः स उक्तो नृपतिस्तदब्दे। मेषप्रवेशः किल भास्करस्य यस्मिन्दिने स्यात् स तु राजमन्त्री।। कर्कसङ्क्रान्तेर्यो वारः स अग्रधान्येश्वरः। धनुसङ्क्रान्तेर्यो वारः स पश्चिमधान्येश्वरः।। कर्कप्रवेशे दिनपस्य वारः सस्यस्य नाथो मुनिभिः पुराणैः। आर्द्राप्रवेशे दिननाथ उक्तो मेघाधिपः प्राक्तनविप्रवर्यैः।। सिंहसङ्क्रान्तिवारेशो दुर्गेशः परिकीर्तितः। कन्यासङ्क्रान्तिदिनपो धनेशः परिकीर्तितः।। तुलाप्रवेशेऽहनि यस्य वारो रसाधिपोऽयं नियतः प्रदिष्टः। चापप्रवेशे दिवसाधिनाथे धान्याधिपो वै कथितो मुनीन्द्रैः।। नक्रसङ्क्रान्तिदिनपः फलेशः परिकीर्तितः।। **राजादिश्रवणमाहात्म्यम् -** यशःश्रृणोति मधुशुक्लपक्षके वर्षनाथसचिवादिकं फलम्। प्राप्नुयाद्दुरितमुक्तविग्रहः चायुरर्थमतुलं यशस्सुखम्।।

राजा शनि फलम् - मध्यानि सस्यानि विचित्रवृष्टिः चोराहव प्रोद्धतराजकोपः। यदुत्तरं सस्यचयं कुधान्यं सम्पूर्णमस्मिन् रविजेऽब्दनाथे। राजा शनि होने से मध्यम धान्योत्पादन होता है, विचित्र वृष्टि होती है। चोर, बीमारी तथा राजाओं में वैमनस्य होता है। कुधान्य अधिक मात्रा में उत्पन्न होती है।

मन्त्रि सूर्यफलम् - राज्ञामन्योन्यवैरित्वमनावृष्टिश्च संगरः। अधर्मनिरता मर्त्या भास्करेऽब्दे तु मन्त्रिणि।। मन्त्री सूर्य होने से राजाओं अथवा प्रशासकों में शत्रुता होती है अनावृष्टि की सम्भावना रहती है। सभी मनुष्य अधर्म में निरत रहते हैं।

अर्घेश शनिफलम् - वृष्टिस्तु मध्याऽर्घपतौ शनौ चेदातङ्कचोराग्नि युता मही स्यात्। भयं भवेन्न समृद्धिरल्पा कृष्णानि धान्यानि फलन्ति भूमौ। अर्घेश शनि होने से मध्यमवृष्टि होती है, पृथ्वी आतंकवादियों तथा चोरों से ग्रस्त रहती है तथा अग्निभय रहता है, पृथ्वी पर समृद्धि अधिक होती है तथा कृष्ण कुधान्य का उत्पादन अधिक होता है।

सस्येश मङ्गलफलम्- रक्तशालिमहाशालितुवरी चणकादयः। रक्तभूमिस्सुफलिता भौमेव सस्याधिपे सति।। मंगल सस्येश होने से रक्तादि दालों का उत्पादन एवं चनों आदि की फसल अच्छी होती है तथा लालभूमि में फल अधिक मात्रा में होते है। **सेनाधिप शनिफलम्-** अधर्मिणो नृपास्सेनाहीना पापकृतो नराः। परस्परं क्षोभकृतस्सेनाधीशे शनैश्चरे। अर्थात् शनि सेनाधिप होने पर राजा अधार्मिक तथा सेनाहीन होते हैं। मनुष्य पापकार्यों में निरत रहते है तथा लोगों में परस्पर क्षोभ होता है। **रसेश गुरुफलम्-** सुवृष्टिस्सर्वसस्यानां फलिता वृक्षजातयः। सदारोग्यं सुभिक्षं च जीवे यदि रसाधिपे।। गुरु रसेश होने से सुवृष्टि, अच्छा धान्योत्पादन तथा सभी फल अच्छे फलते हैं, सदा आरोग्य एवं सुभिक्ष होता है। **धान्येशचन्द्रफलम्-** बहुक्षीरप्रदा गावस्सर्वे व्याधि विवर्जिताः। सुभिक्षं च महद्वर्षं चन्द्रे धान्याधिपे सति।। चन्द्र धान्येश होने से सभी गायें खूब दूध देती हैं तथा व्याधिरहित होती है तथा पर्याप्त सुभिक्ष होता है। **नीरसेशमंगलफलम्-** नीरसपे क्षितितनये नीरसवृक्षाश्च पुष्पफलिताः स्युः। स्वर्णमणिरक्तचन्दन काष्ठादीनां महार्घता सन्।। नीरसेश मंगल होने से नीरसवृक्ष अधिक फलते हैं तथा स्वर्ण-मणि-रक्तचन्दन- लकड़ी आदि में महार्घता होती है।

मेघेशशनिफलम्- मध्यसस्यमनर्घश्च खण्डवृष्टेः प्रजायते। कृष्णधान्यसमद्धिश्च मेधाधीशे शनैश्चरे।। शनिमेघेश होने से मध्य धान्योत्पादन अनर्घता तथा खण्डवृष्टि होती है। काली धान्योत्पादन अधिक मात्रा में होता है।

राजा मन्त्री अर्घेश सस्येश सेनाधिप रसेश धान्येश नीरसेश मेघेश
शनि सूर्य शनि मंगल शनि गुरु चन्द्र मंगल शनि

अथ सूर्यस्यार्द्रानक्षत्रे प्रवेशकालविचारः- प्रवेशकाले यदि रौद्रभस्य वृष्टिर्भवेदीतिरनर्घता च। शेषेषु पादत्रितयेषु भीतिरत्यल्पवृष्टिर्महती गदा च।। आर्द्रा नक्षत्र में सूर्य के प्रवेश करते समय यदि वर्षा होती है तो अनर्घता अर्थात् मन्दी जानना चाहिए। आर्द्रा नक्षत्र के द्वितीय चरण में वृष्टि होने पर भय, तृतीयचरण में अत्यल्पवृष्टि तथा चतुर्थचरण में भयंकर रोग की

सम्भावना बनती है। आर्द्रा प्रवेशे वृष्टिरश्चेद्दिवा वा यदि वा निशि। स्तोकवृष्टिरनर्घत्वमवृष्टौ सस्यसम्पदः।। आर्द्रायाः प्रथमे पादे यदि वर्षति वासवः। तुषारमल्पवृष्टिः स्यादित्येव केचिदूचिरे।। सूर्ये मेषगते वृष्टिरार्द्रायाश्चाद्यपादके एकादशसु ऋक्षेषु त्रिपक्षे वृष्टिनाशनम्।।

आर्द्राप्रवेशकालफलविचारः

विक्रम संवत् २०७६ शाके १९४१ आषाढमासे कृष्णपक्षे पञ्चम्यां तिथौ धनिष्ठानक्षत्रे विष्कुम्भ योगे तैतिलकरणे शनिवासरे २२ जून २०१९ दिनाङ्के २९ घटी १० पल (११ घं. ४० मिनट) इष्टकाले वृश्चिकलग्ने कुम्भराशौ स्थिते चन्द्रे धनुनवांशे च सूर्यस्यार्द्रानक्षत्रे प्रवेशः। पञ्चम्यां शुभदो भवेत्। मन्दे मन्दफलप्रदः। वासवर्क्षे तु धरणी सम्पूर्णफलदायिनी। विष्कुम्भे जलसम्पूर्णा। तैतिले शुभकृत्। वृश्चिके समरं भवेत्। दिवार्द्रा सस्यनाशाया। षट्युगमे क्षेमसुभिक्षे। षष्ठे तु मण्डले तिष्ठन् सभिक्षारोग्यदायकः।

आर्द्राप्रवेश कालिक ग्रहस्थिति



आर्द्रा प्रवेश कालिक वृश्चिक लग्न है, केन्द्र में गुरु वृश्चिक राशि में शुभग्रह शुक्र से दृष्ट है अतः उत्तम वर्षा का योग है। **आर्दाप्रवेशे यदि भास्करस्य चन्द्रे त्रिकोणे यदि केन्द्रगे वा। जलालयस्थे शुभवीक्षिते वा सम्पूर्णमेघा वसुधा भवेच्च।।** दिन में आर्द्रा प्रवेश हो से अनाज का नाश होता है। **दिवार्द्रा सस्यनाशाय** तथा **मन्दे मन्दफलप्रदः** शनिवार के दिन आर्द्रा प्रवेश धान्योत्पादन में न्यूनता रहती है किन्तु काली धान्योत्पादन में पर्याप्त वृद्धि होती है। सूर्य, राहु, मंगल का शनि के साथ समसप्तक योग एवं शनि की चन्द्र पर पूर्णदृष्टि होने के कारण कुछ प्रान्तों में पर्याप्त वृष्टि तथा कुछ प्रान्तों में वृष्टि की न्यूनता का सामना करना पड़ेगा। चन्द्र, गुरु व शुक्र का केन्द्र में स्थित होने के कारण वृष्टि की स्थिति अच्छी रहेगी।

मेघादि निर्णय और फल - अस्मिन्नब्दे आवर्तादिननमेघानां मध्ये कालद्रोणो नामको मेघः। तस्य फलम् - मध्यदेशे सुवृष्टिश्च सर्वसस्याभिवर्धनम्। शुभाभिवृद्धिर्लोकानां कालाभ्रे तु फलं स्मृतम्। **आढकादि निर्णय और फल**- एकमाढकम् तत्र **आढक प्रमाणम्** - नवभागास्समुद्रेषु पर्वतेषु च पञ्च च। धरण्यां सप्तभागास्स्युः एवं वर्षति च त्रिधा।।

सप्तफणिचक्रं सप्तनाडीचक्रं वा

नाडीनाम	स्वामी	सौम्ययाम्यादिसंज्ञा	नक्षत्राणि
चण्डा	शनि	याम्य	कृत्तिका, विशाखा, अनुराधा, भरणी
वाता	रवि	याम्य	रोहिणी, स्वाती, ज्येष्ठा, अश्विनी
दहना	मंगल	याम्य	मृगशिरा, चित्रा, मूल, रेवती
सौम्या/शुद्धा	गुरु	मध्यम	आर्द्रा, हस्त, पू.षा, उ.भा.
नीरा/धीरा	शुक्र	सौम्य	पुनर्वसु, उ.फा., उ.षा., पू.भा.
जला	बुध	सौम्य	पुष्य, पू.फा., अभिजित, शतभिषा
सुधा	चन्द्र	सौम्य	आश्लेषा, मघा, श्रवण, धनिष्ठा

आर्द्रा प्रवेशकालिकग्रहाणां नाडीसु संस्थितिवशाद् फलविचारः

ग्रहाः	नाडीनाम	संज्ञा	ना.स्वामी	फलम्
सूर्य	सौम्या	मध्यम	गुरु	मध्यमजलवर्षणम्
चन्द्र	सुधा	सौम्य	चन्द्र	मध्यमजलवर्षणम्
मङ्गल	नीरा	सौम्य	शुक्र	वृष्टिदः
बुध	नीरा	सौम्य	शुक्र	वृष्टिदः
गुरु	वाता	याम्य	रवि	वायुभयम्
शुक्र	वाता	याम्य	रवि	वायुभयम्
शनि	सौम्या	मध्यम	गुरु	मध्यमजलवर्षणम्

ग्रहोदयास्तादि में विशेष वृष्टिनिर्णय

प्रायो ग्रहाणामुदयास्तकाले समागमे मण्डलसंक्रमे च। पक्षद्वये तीक्ष्णकरायनान्ते वृष्टिर्गतेऽर्के नियमेन चार्द्रात्।। प्रायः भौमादि पञ्चताराग्रहों के सूर्य सान्निध्य के कालांश वश होने वाले उदय एवं अस्त काल में, चन्द्रमा के साथ ग्रहों के समागम में सङ्क्रान्ति काल में, दोनो पक्षों के आदि में, उत्तरायणारम्भ एवं दक्षिणायनारम्भ में आर्द्रा नक्षत्र में सूर्य के प्रवेश करने के दिन वर्षा होने की सम्भावना रहती है। **समागमे पतति जलं ज्ञशुक्रयोर्ज्ञजीवयोर्गुरुसितयोश्च संगमे। यमारयोः पवनहुताशजं भयं यदि द्वयोरसहितयोश्च सद्ग्रहैः।।** चन्द्र के साथ भौमादि ग्रहों के समागम में, बुध और शुक्र, बुध और गुरु तथा गुरु और शुक्र की युति होने पर भी वर्षा की सम्भावना बनती है। यदि मङ्गल व शनि की युति हो रही हो एवं अन्य कोई शुभग्रह उनके साथ न हो तो वायु एवं अग्नि से भय उत्पन्न होता है।

ग्रहकृत् वृष्टियोग - वर्षा ऋतु में शुक्र से सप्तम चन्द्र हो और शुभ ग्रहों की दृष्टि हो अथवा शनि से पाँचवें, सातवें घर या नवम में चन्द्र हो तो वर्षा होने का योग होता है। जब सब ग्रह सूर्य के पीछे होकर आगे हो जायें तो पृथ्वी पर जल की वर्षा हो। आगे की राशि पर मङ्गल हो और पिछली राशि पर सूर्य हो तो वर्षा नहीं होती। वर्षाकाल में ४, १०, १२ लग्न में शुक्र हो या शुक्लपक्ष में शुक्र केन्द्र में हो तथा शुक्र पर शुभ दृष्टि हो तो इच्छानुसार जल वर्षा। शुक्र पर पाप दृष्टि हो तो अल्प वर्षा हो। चन्द्रमा से यदि ५,७ स्थान में मङ्गल शनि हो तो प्रचण्ड वायु युक्त वर्षा भूमि पर होती है। जलराशि में स्थित चन्द्रमा हो सप्तम या नवम में शनि या मङ्गल हो तो अधिक वर्षा होती है। सूर्य के आगे स्थित ग्रहान्तरित शुक्र प्रचुर वृष्टि करता है। इसी प्रकार सूर्य के आगे या पीछे स्थित बुध एवं शुक्र अत्यन्त समीपस्थ हो तो प्रचुर वृष्टिकारक होते हैं। शुक्लपक्ष का चन्द्र जलराशि में हो या प्रश्नलग्न के केन्द्र में सूर्य से सप्तम शुक्र व शनि यथाक्रम से होवें या चौथे घर में और आठवें घर में होंवे या लग्न से इन्हीं घरों में होवें या लग्न से ३, १०, ११ घर में हो तो वर्षाकाल में वर्षा होती है। बुध शुक्र का या गुरु शुक्र का या बुध गुरु का समागम हो तो निःसन्देह वर्षा होगी। वर्षाकाल में चन्द्र यदि जलराशि कर्क, कुम्भ, मीन, कन्या और मकर के उत्तरार्ध में लग्न या केन्द्र में हो शुभग्रहों की दृष्टि हो तो बहुत वर्षा होती है। यदि चौमासे के दिन में चन्द्र को शुभग्रह देखें या शुक्र ९, ५, ७ राशि में आवे तो उस दिन वर्षा होगी।

शनिचारवश फल - इस वर्ष शनि वर्षारम्भ से ०४ जून २०१८ तक ज्येष्ठा नक्षत्र में संचरण करेगा। तथा ५ जून २०१८ से २६ नवम्बर २०१८ तक मूल नक्षत्र में संचरण करेगा। २७ नवम्बर २०१८ से वर्षान्त तक पूर्वाषाढा नक्षत्र में रहेगा। ज्येष्ठा,मूल और पूर्वाषाढा में संचरण होने से शासकवर्ग, पुरोहित व शिक्षक वर्ग, उत्तरपूर्वी भारत के लोगों एवं सैनिकों को कष्ट तथा फल औषधि इत्यादि की हानि होती है। अङ्ग, वङ्ग, कौसल,गिरिव्रज, मगध, पौण्ड्र, मिथिला के लोगों को कष्ट होता है। अपि च- **ज्येष्ठासु नृपपुरोहितनृपसत्कृतशूरगणकुलश्रेण्यः। मूले तु काशिकोसलपाञ्चालफलौषधीयोधाः।। अपि च - मन्दे स्थिते धन्विति वृष्टिहानिः स्याद्भूपतीनां कलहो न चार्धः। पाञ्चालकाशीद्रुरुकोसलाश्च नष्टाश्च काश्मीरकलिङ्गवङ्गाः।। अपि च - मूले तु काशिकोसलपाञ्चालफलौषधीयोधाः। आप्ध्येऽङ्गवङ्गाकोसलगिरिव्रजामगधपौण्ड्रमिथिलाश्च। उपतापं यान्ति जना वसन्ति ये ताम्रलिप्यां च।।**

अथ वर्षधान्यप्रमाणानि - वर्षम् - १७, **धान्यम्** - ७, **शीतम्** -०७, **तृणम्** - १३, **उष्णम्** - १७, **मारुतः** - १३, **प्रजावृद्धि** - १५, **प्रजाक्षय** - १५, **राजविडवरम्** - ११, **क्षुधा** ५, **तृषा** १३, **निद्रा** १३, **आलस्यं** ७, **उद्यमः** १३, **शान्तिः**१५, **क्रोधः** १३, **दम्भः** ५, **लोभः** ३, **मैथुनं** १५, **रसोत्पत्तिः** ९, **फलानि** १३, **उत्साहः**११, **उग्रः** ०७, **पापं** ७, **पुण्यं** १३, **व्याधयः** - १३, **व्याधिनाशः** - ११, **आचारः** - ११, **अनाचारः** - १७, **मरणानि** - १५, **जन्मानि** - ०७, **देशोपप्लवः** - १३, **देशस्वास्थ्यम्** - ०१, **चोरभयम्** - ७, **चोरनाशनम्** - १७, **अग्निभयम्** - १५, **नाशः** - १, **उद्भिजः** ९, **जरायुजः** ३, **अण्डजः** ११, **स्वेदजः** ५।

सौरार्घविचारः - सूर्यसङ्क्रान्तिवारर्क्षतिथियोगो नवैर्हृतः। एकादिशेषे त्वत्यर्घसमशून्यार्घकाः क्रमात्।। इत्यनुसारं मेषार्कमासे (सौर वैशाखे) अत्यर्घः, वृषार्कमासे (सौरज्येष्ठमासे) अत्यर्घः, मिथुनार्कमासे (सौराषाढमासे) शून्यार्घः, कर्कार्कमासे (सौरश्रावणमासे) शून्यार्घः, सिंहार्कमासे (सौरभाद्रपदमासे) अत्यर्घः, कन्यार्कमासे (सौर-आश्विनमासे) समर्घः, तुलार्कमासे (सौरकार्त्तिके) अत्यर्घः, वृश्चिकार्कमासे (सौरमार्गशीर्षमासे) शून्यर्घः, धन्वर्कमासे (सौरपौषमासे) शून्यार्घः, मकरार्कमासे (सौरमाघमासे) समर्घः, कुम्भार्कमासे (सौरफाल्गुनीमासे) शून्यार्घः, मीनार्कमासे (सौरचैत्रमासे) समर्घः इति विजानीयात्।

मकरसङ्क्रान्तिविचारः

मकरसङ्क्रान्तिमाहात्म्यम् - मकरस्थे तीक्ष्णभानौ धान्यदानं करोति यः। तेजस्वी रूपवान् मर्त्यस्सार्वभौमः प्रजायते। सङ्क्रान्तौ यानि दत्तानि हव्यकव्यानि भारत। तानि दत्तं ददात्यर्कः पुनर्जन्मनि जन्मनि।। सङ्क्रान्ति पुरुषोत्पत्तिकाले दानं स्वशक्तितः। फलं कांस्यादि धान्यादि दीयते दुष्टनाशभाक्। तिलस्नायी तिलोद्वर्ती तिलहोमी तिलोदकी। तिलभुक् तिलदाता च षट्तिलाः पापनाशकाः।। फलानि मूलान्यजिनं सुवर्णं ग्रामांशुकाज्यं सतिलेक्षुगावः। धान्यं खराशौ मकरप्रवेश एतानि दानानि विशेषकानि।।

मकरसङ्क्रान्तिकालविवरणम्- विक्रम संवत २०७६ शाके १९४१ उत्तरायणे शिशिरर्तौ माघकृष्णपक्षे पञ्चमीतिथौ पूर्वाफाल्गुनीनक्षत्रे शोभनयोगे भौमवासरे श्रीमार्तण्डलोदयादिष्टकालः ४७/३० तुला लग्नोदये निरयणमकरादौ भारतीयमनकसमयानुसारं सूर्यस्य प्रवेशः। खीष्टदिनाङ्कानुसारम् १४/०१/२०२० रात्रौ २६/०८ वादने मकर संक्रमणकालः। संक्रान्तिपुण्यकालः - १५/०१/२०२० दिनाङ्के सम्पूर्णदिनम्।

कृष्णपक्षे मकरसङ्क्रान्तिफलम् - दिनफलम् - पञ्चम्यां जयः। भौमवासरे जगतस्सुदुःखम्। मतान्तरेण रविमन्दारवारेषु यदा संक्रमते रविः। तस्मिन् मासि भयं विन्द्यात् दुर्भिक्षावृष्टिरस्करैः।। निशि- रात्रिचरान् हनेत्। **सङ्क्रान्तिनाम** - महोदरी। **स्नानम्** - कुङ्कुमन, **वस्त्रम्** - नीलाम्बरम्, **गन्धः**- कस्तूरी, **पुष्पम्**- चम्पकम्, **छत्रम्** - पीतम्, **वाहनम्** - वाराहः, **फलभक्षणम्** - आम्रफलम्, **पात्रम्** - ताम्रमयं, **आभरणम्**- वज्रम्, **आयुधम्**- असिं, **धारणम्** - छत्रम्, **यानम्** - तैतिले पश्चिमं मुखम्।

वर्षलग्नकुण्डली



परिधावी नामक संवत्सर विक्रम संवत् २०७६ शक १९४१ का प्रवेश चैत्र शुक्ल प्रतिपदा में १४ घं. २१ मिनट में कर्कलग्न में उदय हो रहा है। लग्नेश चन्द्र का त्रिकोणस्थ मित्रराशि गुरु में सूर्य के साथ होने पर प्रशासक व देश की उन्नति में सहायक होगा तथा प्रशासक को निर्णय लेने में क्षमता प्रदान करेगा। देश का सर्वाङ्गीण विकास के बारे में चिन्तन होगा। बुद्धिजीवियों का समाज में सम्मान बढेगा। द्वितीयेश सूर्य का भी नवमभाव में त्रिकोण में होने से तथा केन्द्रेश के साथ संयोग होने के कारण प्रजा का आध्यात्मिक, नैतिक शैक्षिक क्षेत्र में विशेष विकास होगा तथा कृषिकार्य पर विशेष प्रोत्साहन दिया जायेगा। तृतीयेश व चतुर्थेश बुध व शुक्र का अष्टम भाव में होने से देशों के बीच वैमनस्य की भावना तथा रोगादि में वृद्धि होगी तथा पञ्चमेश मंगल का एकादश भाव में होने से लाभ स्थान में वृद्धि होगी। तकनीकी क्षेत्रों में विकास पर विशेष ध्यान होगा। चिकित्साक्षेत्र में विशेष उपलब्धि होगी तथा षष्ठ गुरु शनि का मंगल के साथ षडष्टक योग बन रहा है। अत: सत्ता संघर्ष की स्थिति भी बनेगी भाव में गुरु, शनि तथा केतु का योगे होने से आतंकवाद, समाज में अनैतिकता, स्त्रियों के सम्मान में हानि तथा विविध दुर्घटनाओं की सम्भावना है तथा मध्यम वर्षा होगी। वर्षेश शनि व मंत्री सूर्य होने से यदा-कदा देशों में उत्पन्न होगी।

जगल्लग्नकुण्डली



जगल्लग्नकुण्डली के अनुसार लग्न में कर्क राशि है। लग्नेश चन्द्र का लग्न में होन के कारण शासक देश की उन्नति के साथ-साथ प्रजा से सामञ्जस्य बनाये रखेगा। द्वितीयेश सूर्य तथा तृतीयेश बुध का त्रिकोणस्थ नवमभाव में होने के कारण भारत का उत्तरोत्तर विकास होगा तथा बुद्धिजीवियो का सम्मान बढ़ेगा तथा मध्यप्रदेश भी सदृढ़ स्थिति को प्राप्त करेगा। पञ्चमेश तथा दशमेश मंगल का एकादश भाव में होने से चहुँमुखविकास की ओर अग्रसर करेगा परन्तु मंगल के साथ गुरु, शनि व केतु का षडष्टक योग होने से राजनीति क्षेत्र में उथल-पुथल होगी, सत्ता दल तथा विपक्ष में वैमनस्य की भावना को उत्पन्न करेंगे तथा विविध प्रकार के अनिष्ट व दुर्घटनायें भी सम्भावित होगी। राहु का द्वादश भाव में होने से विदेश में भारत का सम्मान बढ़ेगा तथा राहु का गुरु, शनि व केतु के साथ समसप्तक योग भी राजनैतिक क्षेत्र में संघर्ष की स्थिति देशों में वैचारिक मतभेद को बढावेगा तथा अकस्मात् निर्णय की स्थिति भी उत्पन्न होगी। राजा शनि के होने के कारण नौकरी वाले लोगों को विशेष लाभ मिलेंगे तथा मन्त्री सूर्य के होने के कारण आध्यात्मिक क्षेत्र व शिक्षा क्षेत्र में विकास होगा। अष्टम में शुक्र के मित्रग्रह के होने के कारण स्त्रीशक्ति का राष्ट्र में सम्मान बढ़ेगा। शिक्षा क्षेत्र पर सरकार विशेष ध्यान देगी।

कूर्मचक्रविचार -

सौरि: स्वदेशगो यत्र तत्र यत्नेन रक्षयेत्। परदेशस्थिते कुर्याद्विग्रहं पृथिवीपति:।। यत्रस्थ: पीडयेत्तत्र वेधस्थाने तथैव च । देशनामर्क्षग: सौरिर्भगदाता न संशय:।।(नरपतिजयचर्या)

वर्षारम्भ से २२/१२/२०१९ तक पूर्वाषाढा नक्षत्र में रहेगा। कूर्मचक्रानुसार पश्चिम दिशा में मणिवान् पर्वत, मेघवान्, वनौघ, क्षुरार्पण, अस्तगिरि, अपरान्तक, शान्तिक, हैहय, प्रशस्ताद्रि, वोक्कण, पञ्चनव, रमरु, पारत, तारक्षिति, जुङ्गा, वैश्य, कनक, राक आदि देशों में प्राकृतिक प्रकोप सूखा युद्धादि की सम्भावना रहती है। यथा - **अपरस्यां मणिवान् मेघवान् वनौघ: क्षुरार्पणोऽस्तगिरि:। अपरान्तकशान्तिक-हैह्यप्रशस्ताद्रिवोक्काणा:।। पञ्चनदरमठपाराततारक्षितिजृङ्गवैश्यकनकशका: । निर्मर्यादा म्लेच्छा ये पश्चिम दिक् स्थितास्ते च ।**(बृ.सं.नक्षत्रकूर्म.अ.श्लो. २०, २१)

शनि दिनांक २३/१२/२०१९ से वर्षान्त तक उत्तराषाढा नक्षत्र में रहेगा। **दिशि पश्चिमोत्तरस्यां माण्डव्यतुषारतालहलमद्रा: । अश्वमककुलूतहलडा: स्त्रीराज्यनृसिंहवनखस्था:। वेणुमती फल्गुलुका गुलुहा मरुकुच्च चर्मरङ्गाख्या:।** अर्थात् माण्डव्य, तुषार, ताल, हल, मद्र, अश्वमक, उलूत, हलड, स्त्रीराज्य, नृसंहिवन, खस्थ, वेगुमती, फल्गुलुका, गुलुहा, मरुकच्च, चर्मरङ्ग आदि देशों में सूखा व प्रकोप रहता है।

जन्मराशि के आधार पर विभिन्न फल विचार - इस वर्ष में विभिन्न राशियों के लिए आय एवं व्यय का मान यहाँ प्रस्तुत है - **आय और व्यय चक्र**

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
आय	१४	०८	११	०५	०८	११	०८	१४	०२	०५	०५	०२
व्यय	१४	०८	०५	०५	१४	०५	०८	१४	०८	०२	०२	०८

आयैक्यम् - ९३ व्ययैक्यम् - ९३

आयव्ययाभ्यां शुभाशुभफलज्ञानस्य विधि: - आयं व्ययं समीकृत्य एक हीनं तु कारयेत्। अष्टभिश्च हरेद् भागं शेषाङ्के फलमादिशेत्।। लाभ:सौख्यं तथा क्लेशो रोगो लोकापवादनम्। सम्मानं विजयो हानि: कथितं पूर्वसूरिभि:।। अर्थात् अपनी राशि के अनुसार आय एवं व्यय अङ्को को जोड़कर १ घटा दें। शेष को ८ से भाग दें, यदि शेष १, २, ६, ७ रहे तो वर्ष में अच्छा लाभ है। ३, ४, ५ या ८ शेष रहे तो लाभ से अधिक व्यय होने से परेशानियाँ बढेंगी अर्थात् शेष १ रहे तो लाभ, २ में सौख्य, ३ में क्लेश, ४ में रोग, ५ में मिथ्या अपवाद, ६ में सम्मान, ७ में विजय, ८ में अथवा ० में हानि समझनी चाहिए।

राजपूज्य एवं अवमान -

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
राजपू.	०३	०६	०२	०५	०१	०४	००	०३	०६	०२	०५	०१
अवमा	००	०६	०२	०२	०५	०५	०१	०१	०१	०४	०४	००

यथा - सिंहस्य मेषादिराशिसंख्या ५ राज्ञ:, भौमस्य ध्रुव: ०८ तयोर्योग: १३ त्रिगुण: ३९ पञ्चयुत: ४४ मुनिभिर्भक्तो लब्धं ०६ शेषं ०२ इदमेव राजपूज्यम्। लब्धं ०६ त्रिगुणं १८ शरयुतं २३ सप्तभिर्भक्तशेषं ०२ इदमवमानम्।

शनि का साढेसाती इत्यादि का फल - शनि अपने प्रवेश राशि एवं आगे व पीछे रहने वाली दोनों राशियों को अपने शुभाशुभप्रभाव से विशेषरूप से प्रभावित करता है। कहा जा सकता है कि जन्म राशि से शनि बारहवें और दूसरे स्थान पर रहेगा तो साढेसाती होती है। जो दु:ख कारक है। शनि एक राशि में प्राय: (२.५) ढाई वर्ष रहता है। इस प्रकार एक राशि पर शनि का कुलप्रभाव (७.५) साढे सातवर्ष तक रहता है इसे ही शनि की साढे साती कहते हैं। शनि जिस राशि में स्थित है उस राशि से छठवीं एवं दशवीं राशि को भी प्रभावित करता है। अत: इन राशियों पर शनि का प्रभाव (२.५) वर्ष तक रहता है। इसे ही ढैया या अढैया के नाम से जाना जाता है। **पादविचार -जन्माङ्गरुद्रेषु सुवर्णपादं द्विपञ्चनन्दै: रजतस्य पादम्। त्रिसप्तदिक्ताम्रपदं वदन्ति वेदाष्टचार्केष्विह लौहपादम्।।** अर्थात्-यदि जन्मराशि से गोचरीय शनि के राशिपरिवर्तन के दिन की चन्द्रराशि पहले, छठे और ग्यारहवें में हो तो सुवर्ण पाद। दूसरे, पाँचवें और नवें में हो तो रजतपाद। तीसरे, सातवें और दशवें में हो तो ताम्रपाद। चौथे, आठवें और बारहवें में हो तो लौहपाद होता है। **शनि पादफल -लौहे वित्तविनाश: स्यात्सर्वसौख्यञ्च काञ्चने। ताम्रे च समता ज्ञेया सौभाग्यं रजते भवेत्।। अनिष्टफलदायकशनेर्जप: कार्य:, लौहञ्च धार्यम्। शनावश्वत्थमूले जलादिभि: पूजनं शनिस्तवश्च पठितव्य:।।** यदि जन्मराशि से सूर्य, राहु, शनि और मंगल ये ग्रह दूसरे, पहले, पाँचवें, सातवें, चौथे, आठवें, नवें और बारहवें स्थान में हो तो धन धान्य हिरण्य का नाश करने वाले होते हैं। **शनिचारवश फल -** शनि वर्षारम्भ से २३ जनवरी २०२० ई. तक धनु राशि में संचरण करेगा। धनु: राशिस्थ शनि की साढ़े साती एवं ढैया का विचार-

क्र.	राशि	साढ़ेसाती/ढैया	चरण	पाया	फल
१.	वृश्चिक	साढ़ेसाती	पैर	रजत	सुख और सौभाग्य
२.	धनु	साढ़ेसाती	हृदय	सुवर्ण	सर्वसुख
३.	मकर	साढ़ेसाती	शिर	लौह	धननाश
१.	कन्या	ढैया		लौह	धननाश
२.	वृष	ढैया		लौह	धननाश

मकरराशिस्थ शनि की साढेसाती एवं ढैया का फल -

२४ जनवरी २०२० से वर्षान्त तक मकर में रहेगा।

क्र.	राशि	साढ़ेसाती/ढैया	चरण	पाया	फल
१.	धनु	साढ़ेसाती	पाद	रजत	सुख और सौभाग्य
२.	मकर	साढ़ेसाती	हृदय	सुवर्ण	सर्वसुख
३.	कुम्भ	साढ़ेसाती	मस्तक	लौह	धननाश
४.	मिथुन	ढैया		लौह	धननाश
४.	तुला	ढैया		लौह	धननाश

विशेष - जन्मकुण्डली में शनि की शुभस्थिति इत्यादि के अनुसार शनि की ढैया और साढेसाती का अशुभफल कम हो जाता है। कुछ विद्वानों का मत है कि मेषराशि वाले जातकों के लिए साढेसाती के मध्य के ढ़ाई वर्ष, मिथुन राशि वाले जातकों के लिए अन्तिम ढ़ाई, कर्क राशि वालों को प्रथम मध्य के ढ़ाई वर्ष, सिंह राशि वालों के प्रथम ५ वर्ष (उसमें भी मध्य के ढ़ाई वर्ष के विशेष रूप से), तुला राशि वालों को अन्तिम ढ़ाई वर्ष, वृश्चिक राशि वाले जातकों को अन्तिम ५ वर्ष, कुम्भ राशि वाले जातकों को आर्द्रा एवं अन्त कुल मिलाकर ५ वर्ष तथा मीन राशि वाले जातकों को पूरे साढेसात वर्ष अशुभफल देने वाले होते हैं।

शनिशान्ति उपाय- शनि मन्त्रजाप, शनि स्त्रोत्रपाठ, पीपलवृक्ष में तिल एवं उडद मिश्रित जलदान एवं सायंकाल वृक्ष के नीचे तिलतेल का दीप जलाना, महामृत्युञ्जय का जाप, शिवपूजा, पक्षियों को अनाज डालना, लौह पात्र में सदक्षिणा तेल रखकर उसमें अपनी मुखच्छाया देखकर दान करना, दरिद्र नारायण कोढियों को गुड चना देना, काली वस्तुओं का दान एवं तुलादान, वृद्धजनों की सेवा करना श्रेयस्कर रहेगा। भौतिक उपचारों में शनि या अमावस्या के दिन लोहे की अंगूठी पूजादि करके पहनना शुभ रहेगा।

ग्रहों का गोचरीय वेधविचार

सूर्य छठे-बारहवें, दशवें-चौथे, तीसरे-नवें, ग्यारहवें-पाँचवें स्थान में क्रम से शुभ और बिद्ध होता है, अर्थात् मनुष्य की जन्मराशि से छठवीं राशि में सूर्य हो तो शुभफल देनेवाला होता है। यदि १२वीं राशि में शनि को छडकर कोई अन्यग्रह स्थित हो तो सूर्य विद्ध हो जाता है, अर्थात् छठवें स्थान का सूर्य उस मनुष्य को शुभफल न देकर अशुभ फल देने वाला हो जाता है। ऐसे ही १०वीं राशि पर सूर्य शुभ, यदि चौथी राशि पर शनि के अतिरिक्त कोई ग्रह हो तो विद्ध हो जाता है । एवं तीसरे शुभ-नवमस्थ ग्रह से विद्ध, ११वें शुभ-पंचमस्थ ग्रह से विद्ध हो जाता है। मंगल, शनि और राहु ये ३ ग्रह छठी राशि पर शुभ होते हैं, यदि नवीं राशि पर कोई ग्रह हो तो विद्ध हो जाते हैं। यहाँ शनि-सूर्य का वेध नहीं होता है। एवं ११वें शुभपंचमस्थ ग्रह से विद्ध, तीसरे शुभ बारहवीं राशि पर स्थित ग्रह से विद्ध हो जाते हैं ।

चन्द्रमा जन्मराशि से १०वें शुभ-चतुर्थस्थ ग्रह से विद्ध, तीसरे शुभ नवमस्थ ग्रह से विद्ध, ११वें शुभ आठवें स्थित ग्रह से विद्ध, जन्मराशि का शुभ पाँचवे स्थित से विद्ध, ६वें शुभ द्वादशस्थ ग्रह से विद्ध, ७वें शुभ द्वितीयस्थ ग्रह से विद्ध हो जाता है (याहाँ चन्द्र-बुध का वेध नहीं होता है)। बुध दूसरे शुभ ५वें से विद्ध, चौथे शुभ ३ रे से विद्ध, ६ ठे शुभ ९मस्थग्रह से विद्ध, ८ वें शुभ जन्मराशि पर कोई ग्रह हो तो विद्ध, १० वें शुभ आठवें से विद्ध, ११ वें शुभ बारहवें स्थित ग्रह से विद्ध हो जाता है । बृहस्पति ५-४, २-१२, ९-१०, ५-३, ११-३ स्थानों में क्रमश: शुभ और विद्ध होता है। शुक्र १-८, २-७, ३-९, ४-१०, ५-९, ८-५, ९-११, १२-६, ११-३ स्थानों में क्रम से शुभ और विद्ध होता है । यथा ग्रहों का वेधसारणी -

सूर्य					चन्द्र						शुक्ले विशेष:		
शुभ	६	१०	३	११	१०	३	११	१	६	७	२	९	५
वेध	१२	४	९	५	४	९	८	५	१२	२	६	८	४

बुध							गुरु					भौ.शा.रा.के.		
शुभ	२	४	६	८	१०	११	५	२	९	२	११	६	११	३
वेध	५	३	९	१	८	१२	४	१२	१०	३	३	९	५	१२

शुक्र									
शुभ	१	२	३	४	५	८	९	१२	११
वेध	८	७	१	१०	९	५	११	६	३

द्वादश राशियों का घातचक्र

राशय:	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
घातमास	कार्तिक	मार्गशीर्ष	पौष	माघ	फाल्गुन	चैत्र	वैशाख	ज्येष्ठ	आषाढ	श्रावण	भाद्रपद	आश्विन
घातितिथि	१,६,११	५,१०,१५	२,७,१२	२,७,१२	३,८,१३	५,१०,१५	४,९,१४	१,६,११	३,८,१३	४,९,१४	३,८,१३	५,१०,१५
घातवार	रवि	शनि	चन्द्र	बुध	शनि	शनि	गुरु	शुक्र	शुक्र	मंगल	गुरु	शुक्र
घातनक्षत्र	मघा	हस्त	स्वाति	अनुराधा	मूल	श्रवण	शतभिषा	रेवती	भरणी	रोहिणी	आर्द्रा	आश्लेषा
घातयोग	विष्कुम्भ	सुकर्मा	परिघ	धृति	प्रीति	सुकर्मा	अतिगंड	ब्रह्म	वैधृति	गंड	व्याघात	वज्र
घातकरण	बव	शकुनि	कौलव	नाग	बालव	कौलव	तैतिल	गर	तैतिल	शकुनि	किंस्तुघ्न	चतुष्पद
घातलग्न	१	२	४	७	१०	१२	६	८	९	११	३	५
घातप्रहर	प्रथम	चतुर्थ	तृतीय	प्रथम	प्रथम	प्रथम	चतुर्थ	प्रथम	प्रथम	चतुर्थ	तृतीय	चतुर्थ
पु.घा.चं.	मेष	कन्या	कुम्भ	सिंह	मकर	मिथुन	धनु	वृष	मीन	सिंह	धनु	कुम्भ
स्त्री.घा.चं.	मेष	धनु	धनु	मिथुन	वृश्चिक	वृश्चिक	मीन	धनु	कन्या	वृश्चिक	मिथुन	मेष
सूर्य घात	कर्क	वृश्चिक	मीन	तुला	धनु	मेष	कन्या	मकर	तुला	कुम्भ	वृष	मिथुन
शनि घात	मिथुन	तुला	कुम्भ	कर्क	वृश्चिक	मीन	सिंह	धनु	कन्या	मकर	मेष	वृष
राहु घात	वृश्चिक	तुला	कन्या	कर्क	सिंह	मकर	मीन	मेष	वृष	धनु	कुम्भ	मिथुन

वार्षिकराशिफल
संवत् 2076 शक 1941 सन् 2019-20

मेष राशि- (चू,चे,चो,ला,ली,लू,ले,लो,अ)

मेष राशि के जातकों के लिए यह वर्ष मध्यम फलदायक सिद्ध होगा। धार्मिक कार्यों के प्रति रुचि बढ़ेगी। निवेश आदि का ध्यानपूर्वक विचार कर लेना ही हितकर होगा। व्यापार क्षेत्र में आर्थिक उन्नति होगी एवं व्यापार के नये आयाम मिलेंगे। खर्च में वृद्धि की सम्भावना है। क्रोध पर नियन्त्रण रखना एवं कटु शब्दों का प्रयोग न करें अन्यथा अत्यन्त हानि हो सकती है। वर्ष के मध्य में अपने गुणों का विकास करने का उत्तम समय है। जीवन साथी के साथ सम्बन्ध मधुर होंगे। विद्यार्थियों के थोड़ा मध्यम रहेगा लेकिन सफलता प्राप्त होगी। संयम रखना और चुनौतियों को सहर्ष स्वीकार करना ही श्रेयस्कर होगा। श्रावण में धार्मिक कार्यों में प्रवृत होने से रुके हुए कार्यों को गति मिलेगी। सन्तान पक्ष से आर्थिक हानि हो सकती है। अस्थि पीड़ा की सम्भावना है। अपने सहयोगियों से लाभ होगा। विदेश यात्रा में आर्थिक उन्नति होगी। मातृपक्ष एवं पितृपक्ष पर विशेष ध्यान दें अन्यथा हानि हो सकती है। हनुमान जी की उपासना करें। कालीवस्तु, काला-वस्त्रादि का दान करें। मंगल (ॐ अं अंगारकाय नम:) के मन्त्रों का जाप करें। सुन्दरकाण्ड का पाठ कर सकते हैं। पीपल के पेड़ की पूजा करें।

वृष राशि - (ई,उ,ए,ओ,बा,बी,बू,वे वो)

वृष राशि वालों के लिए यह वर्ष आर्थिक रूप में उन्नति की सम्भावना है। परिवार में लोगों से सम्बन्ध अच्छे होने का योग होगा। भोजन पक्ष पर विशेष सजग रहने की आवश्यकता है। वर्ष के तीसरे माह में आर्थिक पक्ष में उतार-चढ़ाव होने की सम्भावना है। परिवार में मतभेद से बचे कार्य में उन्नति का योग है। व्यवसाय में रूका हुआ पैसा इस वर्ष प्राप्त हो सकता है। सन्तानपक्ष से चिन्तित हो सकते है। इस वर्ष चिकित्सा में आपका खर्च कम होगा। पूर्व में लिए हुए कर्ज का भुगतान करने के योग हैं। पति-पत्नि के सम्बन्धों में सुधार होने की सम्भावना है। शुक्र (ॐ शुं शुक्राय नम:) के मन्त्रों का जाप करें। गुरु स्त्रोत्र का पाठ करना लाभप्रद रहेगा। गुरु का मन्त्र जप, दान आदि करना भी हितप्रद रहेगा। काले वस्त्रों, तिलादि का दान करना भी अच्छा होगा।

मिथुन राशि - (का,की,कु,घ,ङ,छ,के,को,हा)

मिथुन राशि वालों के लिए यह वर्ष सामान्य रहेगा। आर्थिक लाभ होगा एवं आय के नए-नए स्रोत बनने की संभावना अत्यधिक है। जीवनसाथी का सहयोग समय-समय पर मिलता रेहगा। सरकारी सेवा के जातकों को विवादों से बचना ही हितकर होगा। वर्ष के मध्य में पैसे की कमी के कारण कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। पारिवारिक मामलों में विवादों से बचें। अन्यथा परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। उदर सम्बन्धि कष्ट होने के सम्भावना है। परिवार के लोगों के स्वास्थ पर ध्यान दें अन्यथा उलझन में पड़ सकते हैं। बड़े बुजुर्ग पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। वर्ष के अन्त में उन्नति का योग है। विदेश यात्रा के योग है। सफलता पाने का उत्तम योग है। बुध (ॐ बुं बुधाय नम:) के मन्त्रों का जाप अत्यन्त लाभप्रद होगा। राहु-केतु का दान आदि करें। विष्णुसहस्त्रनामस्तोत्र का पाठ करें। विष्णुमन्दिर में प्रतिदिन भगवान् विष्णु का दर्शन करना लाभप्रद होगा।

कर्क राशि - (ही,हू,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो)

इस वर्ष आपके परिश्रम के अनुकूल लाभ मिलेगा। विदेशयात्रा पर गमन के योग हैं। आर्थिक स्थिति को अच्छा बनाने के लिए निरन्तर प्रयासरत रहेंगे। वर्ष के मध्य में उन्नति, लाभ एवं आगे बढ़ने के लिए अच्छा समय है। इसलिये अच्छे समय का सदुपयोग कर आगे बढ़ना श्रेयस्कर रहेगा। खर्च की वृद्धि होने की सम्भावना अत्यधिक है। परिवार में प्रसन्नता का महौल रहेगा। अच्छे कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। वर्ष प्रारम्भ में निर्णय लेने में सावधानी बरते अन्यथा हानि हो सकती है। परामर्श लेकर कोई बड़ा निर्णय लें। बृहस्पति के राशि परिवर्तन करने से आपको लाभ भी प्राप्त होगा। कार्यों की अधिकता से मानसिक अशान्ति हो सकती है शनि के मार्गी होने पर उन्नति मिलेगी। वर्ष के मध्य में स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। गुरु (ॐ वृं वृहस्पतये नम:) के मन्त्रों का जाप करें। पीली वस्तुओं का दान करें। गणेश अथर्वशीर्ष का पाठ करना भी लाभप्रद होगा। मन्दिर में भगवान् गणेश का पूजन विधिवत् करवाएँ।

सिंह राशि - (मा,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे)

वर्ष के प्रारम्भ में अपनी मेहनत के अनुसार ही जातक को फल प्राप्त होगा। स्वास्थ्य में कमी आने की सम्भावना है। यह वर्ष सामान्य लाभ करने वाला होगा। छोटी-छोटी परेशानियों पर विजय प्राप्त कर आगे बढ़ा जा सकता है। भौतिक सुखों में उन्नति प्राप्त होगी। वर्ष के प्रारम्भिक तीन माह में जीवन साथी से आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। अत्यन्त मेहनत करने वाले छात्र उन्नति प्राप्त करेंगे। वाहन चलाने में सावधानी बरतें अन्यथा हानि हो सकती है। मातृपक्ष पर विशेष ध्यान दें। शेयर आदि में धन व्यय करने से हानि हो सकती है। पुत्र प्राप्ति होने के योग है। धार्मिक कार्यों के करने से रुके हुए कार्य होंगे। वर्ष के अन्त में धार्मिक कार्यों की अधिकता से सभी कार्य निर्विघ्नता से समाप्त होगा। मानसिक रूप से आप किसी बात को लेकर चिन्तित हो सकते हैं। लेकिन विद्या अध्ययन करने वालों को विशेष रूप से वर्ष का प्रारम्भ तनाव का समय हो सकता है। शनि वर्ष के प्रारम्भ में आपके लिए आलस्य का कारक हो सकता है। बृहस्पति के मार्गी होने पर आपको राहत मिल सकती है। कनकधारास्तोत्र का पाठ करें। जिससे आर्थिक स्थिति ठीक होगी। सूर्य (ऊँ घृणि: सूर्याय नम:) के मन्त्रों का जाप करें। निर्धन लोगों की सहायता करें।

कन्या राशि - (टो,पा,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो)

वर्ष के प्रारम्भ में कन्या राशि के जातक को अपने स्वास्थ पर विशेष रूप से ध्यान देने कि आवश्यकता है। खान-पान-विश्राम-व्यायाम पर ध्यान दें। अन्यथा स्वास्थ पक्ष से कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। शत्रुओं से विवाद से भी स्वास्थ प्रभावित हो सकता है। क्रोध करने से हानि होगी। राहू के परिवर्तन से स्वास्थ पर असर पड़ सकता है। धन खर्च होने के योग हैं। अपने विरोधियों, अपने शत्रुओं पर आप विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी आदि का परिणाम आपके पक्ष में होगा। व्यवसाय करने वाले जातकों के लिए परिश्रम भरा हो सकता है। भौतिक सुखों में कमी हो सकती है। भूमि, मकान आदि के योग विद्यमान है। मातापक्ष से निराशा मिल सकती है। राहू के परिवर्तन के कारण खर्च होने के योग बन रहें हैं। बृहस्पति के मार्गी होने पर धनलाभ का योग है। वेतन में वृद्धि का योग प्राप्त हो रहा है। नये वाहन खरीदने में सफलता मिल रही है। वर्ष के अन्त परिश्रम भरा हो सकता है अथवा नई चुनौति भी आ सकती है। दाम्पत्य जीवन में मध्य फल प्राप्त होगा। प्रतिष्ठा प्राप्त करेंगे। गणेश अथर्वशीर्ष का प्रतिदिन पाठ करें। जिससे कार्य में विघ्न-बाधाएँ दूर होंगी। गणेश जी (ऊँ गं गणपतये नम:) के मन्त्र का जाप करें। तुलसी के पौधे लगवाएँ एवं तुलसी पौधे में जल अर्पित करें।

तुला राशि - (रा,री,रू,रे,रो,ता,ती,तू,ते)

तुला राशि के जातकों के लिए यह वर्ष अच्छा होगा। वर्ष के प्रारम्भ में व्यवसाय करने वालों के लिए अच्छा रहेगा। कार्यस्थल पर आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शीघ्रता से निर्णय न लें। वर्ष के अन्त में पदोन्नति के योग हैं। भूमि सम्बन्धी पुराने विवादों से धनलाभ हो सकता है। धन की मात्रा बढ़ने से खर्च भी बढ़ेगा। भाई-बहनों से हानि हो सकती है। नए घर एवं गाड़ी लेने के लिए अच्छा समय है। शनि के वक्री होने स धन हानि के योग बनेंगे। वर्षान्त आपके लिए सौभाग्यशाली हो सकता है। मंगल के अष्टम भाव पर दृष्टि होने से उदर सम्बन्धी रोगों से कष्ट मिलेगा। गुरु के वक्री होने से कष्ट मिलेगा। गुरु के वक्री होन से स्वास्थ सम्बन्धी परेशानी हो सकती है। बृहस्पति के मार्गी होने पर आपको कुछ राहत मिलेगी। जीवनसाथी एवं अपने बच्चों पर धन व्यय होने का योग है। वर्ष के अन्त में अपना पूरा ध्यान अपने परिवार पर दें। अपने परिवार के तीर्थभ्रमण के योग हैं। परिवार के लोगों के साथ सम्बन्ध मधुर होंगे। परिवार की जिम्मेदारियाँ बढ़ेगी। माता-पिता के स्वास्थ में ध्यान दें। आर्थिक उन्नति होगी। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के योग हैं। वर्ष का मध्यम भाग संघर्ष रहेगा। शुक्र (ऊँ शुं शुक्राय नम:) अथवा (ऊँ महालक्ष्मयै: नम:) के मन्त्रों का जाप करें। कनकधारास्त्रोत्र का भी पाठ करना भी श्रेयस्कर रहेगा। चाँदी दान करें। नारियल दान करें।

वृश्चिक राशि - (तो,ना,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू)

वृश्चिक राशि के जातकों का जीवन इस वर्ष प्रात: काल के सूर्य के समान होगा। अत्यन्त उन्नति वाला होगा। पारिवारिक रिश्ते मधुर होंगे। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से सम्बन्ध मधुर होंगे। परिवार के साथ धर्म-कर्म में रत रहेंगे। राहु के राशि परिवर्तन से माता के स्वास्थ पक्ष से चिन्तित रह सकते हैं। रक्त सम्बन्धी रोगों से सचेत रहें। चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लें। क्रोध मानसिक स्वास्थ के लिए अच्छा नहीं होगा। पैतृक सम्पत्ति से इस वर्ष आपको लाभ दिलाने वाला होगा। अपनी वाणी कुशलता, अपनी बुद्धिमत्ता से समाज में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करेंगे एवं प्रतिष्ठा प्राप्त करेंगे। धन व्यय का भी योग है। इसलिये चिन्तन करके ही खर्च करें। अपेक्षित स्त्रोतों से भी धन लाभ होगा। पत्नी से मधुर सम्बन्ध होंगे। धर्म कर्म में रुची बढ़ेगी जिससे विघ्न-बाधाएं दूर हो जायेंगी। विदेश यात्रा का भी योग है। छात्रों के पढ़ाई में अच्छे परिणाम आएंगे। वर्ष के अन्त में आपके लिए शुभप्रद रहेगा। आप अपने जीवन के प्रति सन्तुष्ट रहेंगे। मंगल (ऊँ अंगारकाय नम:) मन्त्र का प्रतिदिन जाप करने से लाभप्रद रहेगा। लक्ष्मीस्तोत्र का पाठ करें। लालवस्त्रधारण करें।

धनु राशि - (ये,यो,भा,भी,भू,ध,फ,ढ,भे)

धनु राशि वालों के लिए यह वर्ष मिला जुला रहेगा। अपनी कमचोरी को जानकर दूर करना होगा। शनि की साढ़ेसाती के कारण परेशानी का सामना करना पड़ेगा धार्मिक कार्यों के करने से कुछ कष्ट कम होगा। निर्णय सोच समझकर ही करें। वर्ष के प्रारम्भ में अपने कार्यों में सामनञ्जस्य बिठाकर चले। खानपान पर विशेष ध्यान दें। सन्तान एवं जीवनसाथी की जरुरतों को पूरा करें। मधुर वचन बोलने से लाभ मिलेगा। दादा-दादी एवं बुजर्गों की सेवा से उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। कार्यक्षेत्र मे उतार-चढ़ाव आएगें। जीवन साथी के साथ मधुर सम्बन्ध बनाकर रखें। आर्थिक रूप से अच्छे रहेंगे। वक्री गुरु के राशि परिवर्तन धनलाभ के संकेत देगा। शनि के वक्री होने पर धन के विषय में चिन्ता होगी। सुनिश्चित योजना पूर्ण कर कार्यों से सफलता मिलेगी। स्वास्थ के प्रति सचेत रहना जरुरी है। परिजनों से सहयोग मिलेगा। घर का वातावरण शांतिमय रहेगा। शत्रुओं का प्रभाव रहेगा। वक्री शनि आपको कानूनी परेशानी दे सकता है। राशि में बृहस्पति के आने से जीवन सामान्य होगा। चन्द्र (ऊँ सों सोमाय नम:) के मन्त्रों का जाप करना अच्छा रहेगा। विष्णुसहस्त्रनामस्तोत्र का पाठ करें। प्रतिदिन शिवालय में अभिषेक करें। पीपल के पेड़ की विधिवत् पूजन करें।

मकर राशि - (भो,जा,जी,खी,खू,खे,खो,गा,गी)

आपकी राशि का स्वामी शनि है जो कार्यक्षेत्र में मेहनत के अनुरूप फल देने वाला होगा। विदेश में शिक्षा पाने का अवसर प्राप्त होगा। आर्थिकरूप से उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। छात्रों को चुनौति का सामना करना पड़ सकता है। वर्ष के प्रारम्भ में जीवनसाथी से मधुर सम्बन्ध बनाए रखें। आध्यात्म की ओर अग्रसर हो सकते हैं। जमापूँजी में वृद्धि हो सकती है। भाग्य आपका पूरा साथ देगा। ग्रहों की स्थिति के अनुसार उदर रोगा, नेत्र रोग, मोटापा होने के संकेत दे रहा है। राहू आपके स्वास्थ की दृष्टि से अच्छा नहीं है इसलिए लापरवाही तबयित खराब कर सकती है। मानसिक तौर पर परेशान रह सकते हैं। वर्ष का अन्तिम भाग स्वास्थ की दृष्टि से राहत भरा हो सकता है। व्यवसाय करने वालों के लिए धन प्राप्ति के योग है। ध्यानपूर्वक किसी योजना में निवेश करें। बृहस्पति आपको धन देने का योग बनायेगा। नौकरी करने वालों के लिए सामान्य वृद्धि होगी। नौकरी करने वाले जातक यदि व्यवसाय करना चाहते हैं तो उनके लिए अच्छा समय है। कठिन मेहनत से उन्नति पा सकते हैं। शनि (ऊँ शं शनैश्चराय नम:) के मन्त्रों का जप करें। बरजंरगबाण का पाठ करना लाभप्रद रहेगा। शनि भगवान् की उपासना करें। मीठी वस्तु वितरण करें।

कुम्भ राशि - (गू,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,दा)

यह वर्ष कुम्भ राशि वाले जातकों के लिए नौकरी एव व्यवसायिजनों के अच्छा परिणाम देगा। लाभ का योग भी प्राप्त हो रहा है। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी अच्छा रहेगा। परिवार के साथ यात्रा का योग है। समाज में प्रतिष्ठा प्राप्त जनों से मित्रता होने से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी। जिससे पारिवारिक जीवन में उन्नति मिलेगी। विद्यार्थी के लिए अच्छा समय है पढ़ाई में अच्छा फल प्राप्त करेंगे। भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में सफलता मिलेगी। वर्ष के मध्य में आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता देखने को मिलेगी। शत्रु से सावधान रहने की आवश्यकता है। नौकरी परिवर्तन करने से अच्छा अवसर मिल सकता है। किसी कार्य में एकाग्रता से काम पर ध्यान लगाएँ अन्य कार्य बिगड़ सकता है। अलग-अलग क्षेत्रों में आय के साधन बनेंगे। यह वर्ष आर्थिक दृष्टि से उन्नति प्रद होगा। बेवजह यात्रा आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। रोग पर धन व्यय हो सकता है। स्वास्थ्य पर ध्यान देना ही हितकर रहेगा। शनि (ऊँ शं शनैश्चराय नम:) के मन्त्रों का जप करें। शनिस्तोत्र का पाठ करें। गौमाता की सेवा करें। गौ दुग्ध से भगवान् शिव का शिवालय में अभिषेक करें।

मीन राशि -(दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो चा,ची)

यह वर्ष आपके जीवन के धनागम का अत्यन्त श्रेष्ठ वर्ष माना जा सकता है। आर्थिक पक्ष मजबूत होने से उन्नति होगी। घर में धार्मिक कार्य सम्पन्न होगा। जिससे विघ्न-बाधाएँ दूर होंगी। परिवार पर ध्यान देना श्रेयस्कर होगा। कार्य का समापन में शीघ्रता की कमी आएगी। पारिवारिक पुराने मतभेद दूर होंगे जिससे खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य सम्बन्धी चिन्ता रह सकती है। मंगल इस वर्ष आँख कान दाँत आदि में कष्ट दे सकता है इस हेतु विशेष ध्यान दें। माता का स्वास्थ्य चिन्ताजनक रह सकता है। बृहस्पति के मार्गी होने से स्वास्थ सम्बन्धी चिन्ता दूर होगी। भविष्य में विकट परिस्थितियों में धन का संरक्षण करना जरुरी है। व्यर्थ धनव्यय न करें। व्यवसायी लोगों के लिए यह वर्ष सामान्य रहेगा। अपना कार्य अथवा प्राइवेट कार्य करने वाले के लिए उन्नति का योग है। गुरु के मार्गी होने पर उन्नति के योग बनेंगे। शत्रु पर विजय प्राप्त होगा। समाज में मान-सम्मान की वृद्धि होगी। पारिवारिक जनों में सुख प्राप्त होगा। वृहस्पति (ऊँ वृं वृहस्पतये नम:) के मन्त्रों का जाप करें। कठिन परिस्थिति में विष्णुसहस्त्रनामस्तोत्र का पाठ करें। धार्मिक कार्यों में संलग्न हों।

ग्रहण विवरण (2019-20)

इस वर्ष समस्त भूमण्डल पर दो सूर्यग्रहण एवं एक चन्द्रग्रहण दिखाई देंगे इनमें से एक चन्द्रग्रहण एवं एक सूर्यग्रहण भारत में दृश्य होगा। इनका विवरण निम्न प्रकार से है -

भारत में अदृश्य (दिखाई न देने वाले) ग्रहणों का संक्षिप्त परिचय

१) **सूर्यग्रहण** - यह ग्रहण ०२/०३ जुलाई २०१९ को भा.स्टै.टा. के अनुसार २२ घ.२५ मि. से २७ घ.२१ मि. तक साउथ अमेरिका, साउथ सेन्ट्रल अमेरिका, ओशियन पेसेफिक में दिखाई देगा। भारत में अदृश्य है।

ग्रहण स्पर्शकाल - १० घं. २५ मि. रात्रि
सम्मीलनकाल - ११ घं. ३२ मि. रात्रि
ग्रहण मध्यकाल - १२ घं. ५३ मि. रात्रि
उन्मीलनकाल - ०२ घं. १४ मि. रात्रि
ग्रहण मोक्षकाल - ०३ घं. २१ मि. रात्रि

भारत में दृश्य खण्डग्रासचन्द्र ग्रहण विवरण

यह खण्डग्रास चन्द्रग्रहण १६/१७ जुलाई २०१९ ई. बुधवार को सम्पूर्ण भारत में दृश्य होगा। भारतीय मानक समय के अनुसार ग्रहण का विवरण निम्न प्रकार से है -

ग्रहण प्रारम्भ (स्पर्श काल)- ०१ घं. ३१ मि. रात्रि।
ग्रहण मध्यकाल - ०३ घं. ०१ मि. रात्रि।
ग्रहण मोक्षकाल - ०४ घं. ३० मि.रात्रि।

ग्रहण सूतक के समय बच्चों, गर्भवती स्त्रियों, वृद्धों एवं अशक्त जनों को छोड़कर अन्य लोगों को भोजनादि ग्रहण नहीं करना चाहिए। ग्रहण समय में स्नान, जप, दान इत्यादि का अत्यधिक महत्त्व शास्त्रों में बताया गया है, जैसे कि भास्कराचार्य जी कहते हैं -

बहुफलं जपदानहुतादिके, स्मृतिपुराणविदः प्रवदन्तिहि। सदुपयोगि जने सचमत्कृति, ग्रहणमिन्द्विनयोः कथयाम्यतः।। (सि.शि.चन्द्र.श्लो.१)

ग्रहण का राशिफल - इस ग्रहण का स्पर्श धनुराशिगत उ.षा. नक्षत्र से प्रारम्भ होकर मकरराशिगत उ.षा. नक्षत्र तक के स्थितिकाल में पूर्ण होगा। धनु राशिगत उ.षा. नक्षत्र को स्पर्श करके मकरराशिगत उ.षा. नक्षत्र में मोक्ष को प्राप्त होता है। अतः इस नक्षत्र एवं राशि वाले जातकों के लिए यह ग्रहण विशेष रूप से कष्टदायी रहेगा। **धनुराशिगत चन्द्रग्रहण फल** - मेष - माननाश। वृष - मृत्यु समान कष्ट मिथुन - स्त्रीकष्ट। कर्क - सुख। सिंह -चिन्ता। कन्या - कष्ट। तुला - लाभा। वृश्चिक - हानि। धनु - घात। मकर -हानि। कुम्भ - लाभ। मीन -सुख। **मकरराशिगत चन्द्रग्रहण फल** - मेष - सुख, वृष - अपमान, मिथुन- कष्ट, कर्क- स्त्री एवं पति कष्ट, सिंह- सुख, कन्या- चिन्ता, तुला कष्ट, वृश्चिक- लाभ, धनु- हानि, मकर- घात, कुम्भ- हानि, मीन- लाभ।

बृहत्संहिता के अनुसार ग्रहण का फल इस प्रकारसे है -

धन्विन्यमात्यवरवाजिविदेहमल्लान्
पाञ्चालवैद्यवणिजो विषमायुधज्ञान् ।।

आचार्य वरामिहिर के अनुसार सूर्य अथवा चन्द्रग्रहण यदि धनुराशि में हों तो प्रदेश का मन्त्री, प्रधान मनुष्य, अश्व, विदेह देश में वास करने वाले लोग, बाहुबल से युद्ध करने वाले लोग, पंजाब प्रदेश में वास करने वाले लोग, व्यापारी, वैद्य, अस्त्रों के चलाने वालों का नाश करता है।

हन्यान्मृगे तु झषमन्त्रिकुलानि नीचान्।
मन्त्रौषधीषु कुशलान् स्थविरायुधीयान्।। (बृ.सं.रा.चार.श्लो.४१)

अर्थात् मकरराशिगत सूर्य या चन्द्र ग्रहण होने पर मत्स्य, मन्त्रियों के कुल के लोगो, नीचकर्म करने वालों, मन्त्र व औषधि का ज्ञान रखने वालों, वृद्धों एवं शस्त्र धारण करने वालों के लिए कष्टकारक होता है।

भारत में दृश्य वलय खण्डग्रास सूर्यग्रहण का विवरण -

यह खण्डग्रास सूर्यग्रहण २६ दिसम्बर २०१९ को सम्पूर्ण भारत में दृश्य होगा। भारतीय मानक समय के अनुसार ग्रहण का विवरण निम्न प्रकार से है -

ग्रहण स्पर्शकाल - ०८ घं. ०० मि.
सम्मीलनकाल - ०९ घं. ०६ मि.
ग्रहण मध्यकाल - १० घं. ४८ मि.
उन्मीलनकाल - १२ घं. २९ मि.
ग्रहण मोक्षकाल - १३ घं. ३६ मि.

ग्रहण का राशि फल -इस ग्रहण का स्पर्श एवं मोक्ष मूलनक्षत्र एवं धनुराशि में हो रहा है। अतः इस नक्षत्र एवं राशि वाले जातकों के लिए यह ग्रहण विशेष रूप से कष्टदायी रहेगा। मेषादि द्वादश राशियों में उत्पन्न जातकों के लिए ग्रहण फल निम्न प्रकार से रहेगा- मेष- माननाश, वृष- मृत्यु समान कष्ट, मिथुन, स्त्री कष्ट, कर्क- सुख, सिंह- चिन्ता, कन्या- कष्ट, तुला-धनलाभ, वृश्चिक- हानि, धनु-घात, मकर- हानि, कुम्भ- लाभ, मीन-सुख।

मुहूर्त्तविचार

पञ्चाङ्ग में यथासम्भव अधिकाधिक विशुद्ध मुहूर्त्तों को देने का प्रयास किया गया है। तथापि विद्वज्जनों के सुविधा हेतु कुछ मुख्य मुहूर्तों के लिये अपेक्षित काल शुद्धि का विवरण बिन्दुवार प्रस्तुत किया जा रहा है जिसकी सहायता से वे स्वयं भी मुहूर्त्त निर्णय कर सकते हैं।

गर्भाधान मुहूर्त्त

◆ **समयशुद्धि -** रात्रौ, रजोदर्शनानन्तरं चतुर्थरात्रितः १२ रात्रिं यावत्। ◆ **तिथि -** १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३ । क्षीणचन्द्र वर्जित। ◆ **वार -** सोम, बुध, गुरु, शुक्र । ◆ **नक्षत्र -** रोहिणी, मृगशि, उत्तराषाढ़ा,उत्तराफाल्गुनी,उत्तराभाद्रपद, हस्त, स्वाती, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, चित्रा, पुनर्वसु, पुष्य, अश्विनी । ◆ **लग्नशुद्धि -** शुभैः केन्द्रत्रिकोणगैः, पापैस्त्र्यायारिगैः, पुंग्रहदृष्टलग्ने, चन्द्रे विषमांशगे युग्मराशौ शुभम्।

सीमन्तपुंसवन मुहूर्त्त

◆ **समयशुद्धि -** पुंसवन गर्भ से तृतीय मास में करना चाहिए। सीमन्तोन्नयन षष्ठ वा अष्टम मास में मासाधिपति बलयुक्त होने पर करना चाहिए।◆ **तिथि -** १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ शुक्लपक्ष में। कृष्णपक्ष में पञ्चमी तक। ◆ **वार -** सोम, मङ्गल, गुरु वार में शुभ। मतान्तर से शुक्र, सोम वार को पूर्वाह्न में। ◆ **नक्षत्र -** मृगशिरा, पुष्य, श्रवण, पुनर्वसु, हस्त, रोहिणी, रेवती, उत्तरा ३ (जन्मनक्षत्र त्याज्य है)। ◆ **लग्नशुद्धि** - १,४,५,७,९,१० भावों में शुभग्रह, २, ३, ४, ५, ९, १०, ११ स्थानों में चन्द्र तथा ४, ८, १० में पापग्रह वर्जित।

जातकर्म मुहूर्त्त

◆ **समयशुद्धि -** जातक का ग्रहदोष निवारण के लिए तथा आयुः श्रीवृद्धि हेतु जन्मकाल में वा एकादश या द्वादश दिन में पिता को जातकर्म करना चाहिए। ◆ **नक्षत्र -** चित्रा, अनुराधा, रेवती, उत्तरा ३, रोहिणी, अश्विनी, पुनर्वसु, पुष्य, स्वाती, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा नक्षत्रों में,तिथि पूर्णिमा छोड़कर अन्य शुभ तिथियों में। ◆ **लग्नशुद्धि** - शुभ लग्नों में शुद्धि।

नामकरण मुहूर्त्त

◆ **समयशुद्धि -** ब्राह्मणों का ११, १२ दिन में। क्षत्रियों का१३ दिन में। वैश्यों का १६ दिन में। शूद्रों ३१ दिन में नामकरण शुभ है। ◆ **तिथि -** १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३। ◆ **वार -** सोम, बुध, गुरु, शुक्र वार में शुभ। पूर्वाह्न में शुभ। मध्याह्न में मध्यम। ◆ **नक्षत्र -** स्वाती, पुनर्वसु, श्रवण, धनिष्ठा, हस्त, अश्वि, पुष्य, अभिजित्, उत्तरा ३, रोहिणी, मृगशिरा, रेवती, चित्रा, अनुराधा। ◆ **लग्नशुद्धि** - १,४,५,७,९,१० भावों में शुभग्रह, २, ३, ५, ९, १०, ११ स्थानों में चन्द्र, ३, ६, ११स्थानों में पापग्रह तथा, १० में पापग्रह वर्जित, शुभग्रह दृष्ट लग्न में, शुभ नवांश में उत्तरायण में शुद्धसमय में नामकरण करना चाहिए।

अन्नप्राशन मुहूर्त्त

◆ **तिथि -** २, ३, ५, ७, १०, १३ एवं पूर्णिमा। क्षीणचन्द्र वर्जित। ◆ **वार -** सोम, बुध, गुरु, शुक्र । ◆ **नक्षत्र -** जन्म नक्षत्र एवं अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, उ.फा., हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, उ.षा., श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उ.भा. एवं रेवती।◆ **लग्नशुद्धि -** जन्मलग्न व जन्म राशि से अष्टमलग्न व नवांश वर्जित। मेष, वृश्चिक व मीन राशि के लग्न छोडकर अन्य शुभ लग्न। दशम भाव में चन्द्र के अतिरिक्त अन्य ग्रह वर्जित। प्रथम, षष्ठ व अष्टमभाव में चन्द्रवर्जित है।◆ **विशेष -** गुरु शुक्रास्तादिदोष विचारणीय नहीं। बालकों का अन्नप्राशन - ६, ८, १०, १२ मासों में। बालिकाओं का अन्नप्राशन - ५, ७, ९, ११ मासों में।भद्रारहित पूर्वाह्ण काल शुभ।

कर्णवेध मुहूर्त्त

◆ **समयशुद्धि -** १२, ६ मास में व विषमवर्ष में, रिक्ता एवं समवर्ष त्याज्य है।

◆ **कालशुद्धि -** सौर चैत्र व पौषमास, क्षयदिन, हरिशयन (आषाढ शुक्ल एकादशी से कार्तिक शुक्ल दशमी तक) एवं जन्ममास त्याज्य है। गुरु-शुक्रास्तादि विचार आवश्यक। भद्रारहित पूर्वाह्ण एवं मध्याह्न में ही कर्णवेध उत्तम रहता है। ◆ **तिथि -** सामान्यतः रिक्ता व अमावस्या तिथि वर्जित। शेष तिथियां शुभ। ◆ **वार -** चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र ◆ **नक्षत्र -** अश्विनी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, रेवती। ◆ **लग्नशुद्धि -** वृष, मिथुन, कर्क, कन्या, तुला, धनु व मीन लग्न प्रशस्त। लग्न से अष्टम भाव शुद्धि।

चूडाकरण मुहूर्त्त

◆ **कालशुद्धि -** चैत्र रहित उत्तरायण। गुरुशुक्रास्तादि शुद्धि आवश्यक। भद्रा रहित पूर्वाह्ण व मध्याह्न शुभ। ◆ **तिथि -** २, ३, ५, ७, १०, ११ एवं १३। ◆ **वार -** बुध, चन्द्र, शुक्र, गुरु। ◆ **नक्षत्र -** अश्विनी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाती, ज्येष्ठा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, एवं रेवती। ◆ **लग्नशुद्धि -** वृष, तुला, मिथुन, कन्या, कर्क, धनु व मीन लग्न एवं इनके नवांश प्रशस्त। जन्मलग्न व जन्मराशि से अष्टम लग्न वर्जित । अष्टम स्थान शुद्ध। केन्द्र (१, ४, ७, १०) में क्षीणचन्द्र, मंगल, शनि व सूर्य अशुभ।

अक्षरारम्भ मुहूर्त्त

◆ **कालशुद्धि -** उत्तरायण, गुरु व शुक्र के अस्तादि शुद्धि का विचार करना चाहिए। भद्रा एवं अशुभयोगवर्जित।◆ **तिथि -** २, ३, ५, ६, १०, ११, १२ ।◆ **वार -** सोम, बुध, गुरु,

शुक्र। ◆ **नक्षत्र** - अश्विनी, आर्द्रा, पुन, पुष्य, हस्त, चि., स्वा., अनु., श्र. व रेवती। ◆ **लग्नशुद्धि** - वृष, मिथुन, कन्या, धनु, व मीन लग्न शुभ। सिंह, वृश्चिक, व कुम्भ मध्यम।

उपनयन मुहूर्त्त

◆ **कालशुद्धि** - उत्तरायण, माघ, फाल्गुन, चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ व आषाढ मास ग्राह्य। देवशयन, गुरु-शुक्र अस्तादि वर्जित। भद्ररहित पूर्वाह्न व मध्याह्न तक ही उपनयन शुभ। अपराह्न निषिद्ध। ◆ **तिथि** - शुक्लपक्ष में २,३,५,१०,११,१२ । कृष्णपक्ष में २, ३, ५ शुभ। ◆ **वार** - सूर्य, सोम, बुध, गुरु व शुक्रवार शुभ। ◆ **नक्षत्र** - अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पू.फा., हस्त, चित्रा, स्वाती, अनु, मूल, पू.षा., श्रवण, धनि., शत., पू.भा., तीनों उत्तरा एवं रेवती। ◆ **लग्नशुद्धि** - षष्ठ व अष्टम भाव में शुक्र, गुरु, चन्द्र व लग्नेश वर्जित । द्वादश भाव में चन्द्र व शुक्र वर्जित। लग्न पञ्चम व अष्टम में पापग्रह वर्जित । वृष व कर्क राशि का चन्द्र लग्न में शुभ, अन्यथा नहीं। ◆ **विशेष** - गोचर में जन्मराशि से २, ५, ७, ९, ११ वां गुरु श्रेष्ठ।१, ३, ६, १० वां गुरु मध्यम। ४, ८, १२ वां गुरु निन्दित होता है। **विशेष** - निन्दित गुरु भी कर्क, मेष व वृश्चिक राशियों में हो अथवा जिस किसी भी राशि में होकर धनु व मीन के नवांशों में, वर्गोत्तम नवांश या कर्क, मेष व वृश्चिक के नवांश में भी हो तो शुभ होता है। इसी प्रकार गुरु मकर, मिथुन, कन्या, तुला व वृष राशियों का हो तो गोचर में शुभ हो तो हुए भी अशुभफलप्रद है। (मु.चि. ५/४७) ◆ **त्याज्य** - आषाढ शुक्ल दशमी, ज्येष्ठ शुक्ल द्वितीया, पौष शुक्ल एकादशी, मघा शुक्ल द्वादशी तथा संक्रान्ति दिन।

विद्यारम्भ मुहूर्त्त

◆ **कालशुद्धि** - उत्तरायण, गुरु-शुक्र अस्तादि शुद्धि विचारणीय। भद्रा व अशुभयोग वर्जित। ◆ **तिथि** - २, ३, ५, ६, १०, ११ व १२। ◆ **वार** - सूर्य, बुध, गुरु वा शुक्रवार। ◆ **नक्षत्र** - अश्विनी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पू.फा., हस्त, चित्रा, स्वाती, मूल, पू.षा., श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, एवं पू.भा.।

◆ मतान्तर से रोहिणी, उ.फा., अनुराधा, उ.षा., उ.भा., व रेवती भी ग्राह्य हैं। (मु.चि.पी.टीका) ◆ **लग्न** - स्थिर व द्विस्वभाव लग्न।

विवाह मुहूर्त्त

◆ **कालशुद्धि** - गुरु-शुक्र अस्तादि शुद्धि, देवशयनादि विचार आवश्यक। भद्रादिदोष वर्जित। ◆ **मास** - मीन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला व धनु के सूर्य में वर्जित। सौरमासों में वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ, मार्गशीर्ष, माघ व फाल्गुन ग्राह्य। ◆ **दोनों पक्षों की तिथि** - २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२, १३ व शुक्लपक्ष की १५। ◆ **वार** - सोम, बुध, गुरु, शुक्र श्रेष्ठ। रवि, शनि - मध्यम। मङ्गल - त्याज्य (मु.चि. ६/५५ पी.घा. टीका)।

◆ **नक्षत्र** - रो., मृग., तीनों उत्तरा. हस्त, स्वाती, अनुराधा, मूल व रेवती। कात्यायन मतानुसार - अश्विनी, चित्रा, श्रवण, व धनिष्ठा भी ग्राह्य है। ◆ **लग्नशुद्धि** - लग्न में चन्द्र व पापग्रह, तृतीय शुक्र, छठवां चन्द्र, शुक्र व लग्नेश, सप्तम में सभी ग्रह, अष्टम में चन्द्र, लग्नेश, मंगल व शुभग्रह, दशम मंगल व द्वादश शनि वर्जित

◆ **विशेष** - **चारानुसार रवि चन्द्र गुरु शुद्धि**

वरस्य रविबलं, कन्याया: गुरुबलं तथोभयोश्च चन्द्रबलं विचार्यते -

बलम्	सूर्य	चन्द्र	गुरु
श्रेष्ठ	३,६,१०,११	३,६,७१०,११	२,५,७,९,११
मध्यम	१, २, ५, ७, ९	१, २, ५, ९	१,३,६,१०
निन्द्य	४, ८, १२	४, ८, १२	४, ८, १२

ताराचक्र

तारा	जन्म	सम्पत्	विपत्	क्षेम	प्रत्यरि	साधक	वध	मित्र	अतिमित्र
नक्षत्र	1/10/19	2/11/20	3/12/21	4/13/22	5/14/23	6/15/24	7/16/25	8/17/26	9/18/27
फल	मध्यम	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	शुभ
दान	शाक	X	गुड	X	लवण	X	तिल	X	X

वधूप्रवेश मुहूर्त्त

◆ **कालशुद्धि** - शेष विवाह मुहूर्त के समान और वधूप्रवेशो न दिवा प्रशस्त:-इस उक्ति के अनुसार वधू का प्रवेश रात्रि में ही शुभ होता है। ◆ **तिथि** - रिक्ता व अमा.छोडकर अन्य तिथियाँ। ◆ **वार** - सोम, बुध, गुरु, शुक्र व शनिवार। ◆ **नक्षत्र** - अश्विनी, रो., मृग., पुष्य, मघा, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु. तीनों उत्तरा, मूल, श्रवण, धनि., व रेवती। ◆ **लग्नशुद्धि** - वृष, सिंह, वृश्चिक, कुम्भ राशि के लग्न शुभ। चतुर्थाष्टम शुद्धि चाहिए। ◆ **त्याज्य** - भद्रा, व्यति., क्षयतिथि, रिक्ता, अमा., ग्रहण, वैधृति व संक्रान्ति दिन।

द्विरागमन मुहूर्त्त

◆ **कालशुद्धि** - कुम्भ, वृश्चिक व मेष राशि में सूर्य के रहने पर ही द्विरागमन विहित है। वर की राशि से रवि और गुरु की शुद्धि आवश्यक है। ◆ **वार** - सोम, बुध, गुरु, शुक्रवार।

◆ **तिथि** - रिक्ता व अमावस्या छोडकर शेष शुभ। ◆ **नक्षत्र** - अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनु. मूल, श्रवण, धनि. शत. व रेवती।

गृहारम्भ मुहूर्त्त

◆ **कालशुद्धि** - गुरु-शुक्र अस्तादि विचार आवश्यक है। देवशयन विचार नहीं।

◆ **मासशुद्धि** - निम्न मास ही शास्त्रानुसार ग्राह्य हैं -

सौरमास (सूर्यराशिप्रवेश)	चान्द्रमास
कुम्भ	माघ, फाल्गुन
कर्क व सिंह	आषाढ, श्रावण, भाद्रपद
मकर	पौष, माघ
मेष व वृष	चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ
तुला व वृश्चिक	आश्विन, मार्गशीर्ष, कार्तिक

◆ **तिथि** - २, ३, ५, ६, ७, १०, ११, १२, १३, १५ कृष्णपक्ष ५ तक। ◆ **वार** - सोम, बुध, गुरु, शुक्र व शनिवार । ◆ **नक्षत्र** - रोहिणी, मृगशिरा, पुष्य, उ.फा., हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, उ.षा., धनिष्ठा, शतभिषा, उ.भा., व रेवती (मु.चि.१२/१५) ◆ **पराशरमतानुसार** - अश्विनी, पुनर्वसु, मूल व श्रवण भी ग्राह्य (वृ.वा.मा.पृ.७३, श्लोक ७१-७३)। वास्तु राजवल्लभ के अनुसार ज्येष्ठा भी ग्राह्य। ◆ **योग व करण** - वैधृति, शूल, गण्ड, परिघ, व्याघात, वज्र, विष्कुम्भ एवं व्यतीपात योग तथा भद्रा वर्जित (वृ.वा.मा.गृहारम्भ. ७५-७६ श्लोक)

◆ **लग्नशुद्धि** - वृष, मिथुन, कन्या, धनु, कुम्भ, मीन, सिंह व वृश्चिक लग्न प्रशस्त। अष्टम व द्वादश शुद्धि। ◆ **विशेष** - वृषवास्तु चक्र शुद्धि।

सूर्यनक्षत्र से गृहारम्भ में वृषवास्तुचक्र

नक्षत्र	1-3	4-7	8-11	12-14	15-18	19-22	23-25	26-28
स्थान	शिर	अग्रपाद	पृष्ठपाद	पृष्ठ	दक्षिणकुक्षि	वामकुक्षि	पुच्छ	मुख
फल	अग्निदाह	चिन्ता	स्थिरता	धनागम	लाभ	दरिद्रता	स्वामीनाश	पीडा

नवीन (अपूर्व) गृहप्रवेश मुहूर्त्त

◆ **कालशुद्धि** - उत्तरायण विशेष शुभ। गुरु-शुक्र अस्तादिविचार आवश्यक। भद्रादोष वर्ज्य। दिन व रात दोनों ही में प्रवेश शुभ। ◆ **मासशुद्धि** - माघ, फाल्गुन, वैशाख व ज्येष्ठ - श्रेष्ठ। मार्गशीर्ष, कार्तिक - मध्यम। ◆ **तिथि** - दोनों पक्षों की तिथि-१, २, ३, ५, ६, ७, ८, १० एवं शु.प. ११, १२, १३, १५ ◆ **वार** - चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र, शनि। ◆ **नक्षत्र** - रोहिणी, मृगशिरा, उ.फा., चित्रा, अनुराधा, उ.षा., धनिष्ठा, शतभिषा, उ.भा. व रेवती। मतान्तर से अश्विनी, पुष्य, स्वाती, मूल व श्रवण भी ग्राह्य। ◆ **योगशुद्धि** - वैधृति, शूल, गण्ड, अतिगण्ड, विष्कुम्भ, व्यतीपात, वज्र, परिघ व व्याघात योग वर्जनीय। ◆ **लग्नशुद्धि** - वृष, सिंह, वृश्चिक, मिथुन, कन्या, धनु, मीन। मतान्तर से कुम्भ भी ग्राह्य। लग्न से चतुर्थाष्टम शुद्धि आवश्यक।

सूर्यनक्षत्र से (गृहप्रवेश में विचारणीय) कुम्भचक्र

नक्षत्र	1	2-5	6-9	10-13	14-17	18-21	22-24	25-27
स्थान	मुख	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर	गर्भ	गुदा	कण्ठ
फल	अग्निदाह	चिन्ता	धनलाभ	धनप्राप्ति	कलह	विनाश	स्थिरता	स्थिरता
नक्षत्रफल	५अशुभ		८ शुभ		८ अशुभ		६ शुभ	

जीर्ण गृह प्रवेश मुहूर्त्त

मुहूर्त शोधन नवीन (अपूर्व) गृह प्रवेश मुहूर्त के समान। ◆ **विशेष** - १. श्रावण, मार्गशीर्ष एवं कार्तिक मास भी ग्राह्य। २. नवीन (अपूर्व) गृह प्रवेश मुहूर्त में भी प्रवेश। ३. गुरु शुक्र अस्तादि विचार की आवश्यकता नहीं।

वापी कूप तडागादि खनन मुहूर्त

◆ **कालशुद्धि** - चैत्रमास में उत्तरायण, शुक्लपक्ष के शुभतिथियों में, शुद्धसमय में। पृथ्वी शयन नक्षत्रों को छोडकर शुभ नक्षत्रों में।सूर्य के नक्षत्र से ५,७, ९, १२, १९ एवं २६ वें चन्द्रनक्षत्रों में पृथ्वी शयन करती है। मतान्तर से सूर्यक्रान्ति से ५, ७, ९, ११, १५, २०, २२, २३ एवं २८ वें दिन भूमि शयन करती है। ◆ **लग्न** - ४, १०, ११, १२ राशिके लग्न, शुक्र दशमभाव में, गुरु बुध अन्यतरस्थ लग्ने, पापग्रह बलहीन, शुभग्रह बलयुक्त शुद्ध। ◆ **नक्षत्र** - रोहिणी, उ.षा., उ.फा., उ.भा., मृगशिरा, अनुराधा, हस्त, पुष्य, पू.षा., धनिष्ठा, रेवती, शतभिषा।

देवता जलाशय वाटिकादि प्रतिष्ठा मुहूर्त

◆ **कालशुद्धि** - चैत्रमास में उत्तरायण, शुभतिथियों में, शुद्धसमय में। ◆ **वार** - सू., सो, बु., गु., शु.। ◆ **तिथि** - २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२, १३, १५ शु.प.। ◆ **नक्षत्र** - मृग., रेवती, चित्रा, अनु., ह, अश्वि, तीनों उत्तरा, पुष्य, स्वा., पुन., श्र., धन., शत., रो.।

देवालय-गृहारम्भ-जलाशय-आरम्भ में खात दिग्ज्ञान

खातदिक्	नैऋत्यां	आग्नेयां	ऐशान्यां	वायव्यां
देवालय	धनु,मकर,कुम्भ	मीन,मेष,वृष	मिथुन,कर्क,सिंह	कन्या,तुला,वृश्चिक
जलाशय	तुला,वृश्चिक,धनु	मकर,कुम्भ,मीन	मेष,वृष,मिथुन	कर्क,सिंह,कन्या
गृहारम्भ	वृष,मिथुन,कर्क	सिंह,कन्या,तुला	वृश्चिक,धनु,मकर	कुम्भ,मीन,मेष

सर्वदेव प्रतिष्ठा मुहूर्त

◆ **कालशुद्धि** - उत्तरायण, गुरु-शुक्र अस्तादि का विचार आवश्यक। मकर, कुम्भ, मीन, मेष, वृष एवं मिथुन में सूर्य के रहने पर। नारदानुसार चैत्रमास रहित मीन राशि का सूर्य प्रशस्त है। (

पी.धा.टी. मु.चि. २/६१-६२) ◆ **तिथि -** शु.प. - २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२, १३ व १५।◆ **वार -** सू., सो., बुध, गुरु, शुक्र एवं शनि.।◆ **नक्षत्र -** मृग., रेवती, चित्रा, अनु., हस्त, अश्विनी, पुष्य, स्वा., पुन., श्रवण, धनि., शत., रो., तीनों उत्तरा।◆ **लग्नशुद्धि -** सिंहे सूर्यं, कुम्भे ब्रह्माणं, मिथुने शंकरं स्थापयेत्। द्विस्वभावे देव्या:, चरलग्ने च योगिन्य: स्थापनीया:। देवा:स्थिरलग्नेषु स्थाप्या:। ग्रहान् पुष्ये, बुद्धं श्रवणे, गणेशादीन् रेवत्यां स्थापयेत्। भगवत: विष्णो: देवोत्थानैकादश्यां रामनवम्यां, कृष्णाष्टम्याम्, देव्या: नवरात्रौ दीपमालिकायां, शङ्करस्य शिवरात्रौ (माघफाल्गुनकृष्णचतुर्दश्यां) वा शुभं प्रतिष्ठापनम्। अर्थात् चन्द्र व पापग्रह - ३, ६, ११ स्थानों में शुभ। शुभ ग्रह ८ व १२ स्थानों को छोडकर अन्यत्र शुभ। प्रतिष्ठा पूर्वाह्न में श्रेष्ठ।

◆ **देवविशेष हेतु लग्न -**

देव	सूर्य	ब्रह्मा	विष्णु	शिव	देवी	क्षुद्रदेवी
लग्न	सिंह	कुम्भ	कन्या	मिथुन	द्विस्वभाव	चरराशि

अन्य देवताओं प्रतिष्ठा नक्षत्र- नवग्रहों का पुष्य में, गणेश यक्ष सर्प भूतादि का रेवती में, जैन देवताओं का श्रवण में प्रतिष्ठा करने का शास्त्रादेश प्राप्त होता है।

यात्रा मुहूर्त

◆ **यात्राकाल -** विशेष यात्रा के लिए - मेष, सिंह व धनु में सूर्य के रहने पर - प्रशस्त वृष, मिथुन, तुला, मकर, कुम्भ व मीन - मध्यम, कर्क, वृश्चिक व मीन - अधम

◆ **तिथि -** शुक्लपक्ष - २, ३, ५, ७, १०, ११ व १३, कृष्णपक्ष - १, २, ३, ५, ७, १०, ११ व १३, ◆ **नक्षत्र -** अश्विनी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा व रेवती। ◆ **वार -** सोम, बुध, गुरु व शुक्र - श्रेष्ठ, रवि, मङ्गल, व शनि - मध्यम। **वार व नक्षत्र शूल (दिशाशूल) -**

दिशा	नक्षत्र	वार
पूर्व	ज्येष्ठा	शनि, सोम
दक्षिण	पूर्वाभाद्रपद	गुरु
पश्चिम	रोहिणी	शुक्र, रवि
उत्तर	उत्तराफाल्गुनी	मङ्गल, बुध

दिक्शूलपरिहार - न वारदोषा: प्रभवन्ति रात्रौ देवेज्यदैत्येज्यदिवाकराणाम् । दिवा शशांकार्कजभूसुतानां सर्वत्र निन्द्यो बुधवारदोष: ।। सूर्यवारे घृतं प्राश्यं चन्द्रवारे पयस्तथा। गुडमंगारके वारे बुधवारे तिलानपि । गुरुवारे दधि प्राश्यं शुक्रवारे यवानपि। माषान्भुक्त्वा शनेवरि गच्छञ्छूले न दोषभाक् ।।२।। अर्थात् सूर्य, गुरु व शुक्रवार को रात्रि में यात्रा करने पर वारदोष नहीं होता है। इसी प्रकार चन्द्र, शनि व मङ्गलवार को दिन में यात्रा करने पर वारदोष नहीं होता है। केवल बुधवार को दिन या रात दोनों ही समय यात्रा करने पर वारदोष होता है। अत्यावश्यक यात्रा होने पर दिक् शूल परिहार हेतु यात्रा पूर्व रविवार को घी, सोमवार को दूध, मंगलवार को गुड, बुधवार को तिल, गुरुवार को दही, शुक्रवार को जौ तथा शनिवार को उडद का सेवन करना चाहिए।

योगिनीवास चक्रम्

दिशा	पूर्व	आग्नेय	दक्षिण	नैऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान
तिथि	१।६	३।११	५।१३	४।१२	६।१४	७।१५	२।१०	८।३०

समयशूल - उषाकाल में पूर्व को गोधूलि में पश्चिम को, अर्द्धरात्रि में उत्तर को और मध्याह्नकाल में दक्षिण को नहीं जाना चाहिए। गर्गमत से ५ या ४ घडी रात रहे तो गमन,बृहस्पतिमत से शुभ शकुन पर यात्रा करें। अङ्गिरा मत से जब मन प्रफुल्लित हो तब ही चला जाए। अन्यमत से ब्राह्मण की आज्ञा लेकर यात्रा करने से शुभ होता है।

चन्द्रवास -पूर्व मेष, सिंह, धनु। **दक्षिण** वृष, कन्या, मकर। **पश्चिम** मिथुन, तुल, कुम्भ। **उत्तर** कर्क, वृश्चिक, मीन।यात्रा में चन्द्रमा दक्षिण व सम्मुख शुभ होता है।

यात्रा में लग्न विशेष - लग्न व राशि से अष्टमलग्न तथा कुम्भ या कुम्भ के नवांश में यात्रा कदापि न करें। शुभलग्न से १।४।५।७।९।१० स्थानों में शुभ ग्रह हों और ३।६।१०।११ वें स्थानों में पापग्रह हों, १।६।८।१२ वें स्थानों में चन्द्र न हो, १० वें शनि न हो, ६ वें शुक्र न हो, १२।६।८ वें स्थानों में लग्नेश नहीं होना चाहिए। अन्यच्च - **यात्रायामष्टमं शुद्धं विवाहे सप्तमं तथा। दशमं तु गृहारम्भे चतुर्थं तु प्रवेशने ।।** जन्मलग्नेश, दशमेश अस्त हों व मारकदशा हो तो सुमुहूर्त में भी दूर की यात्रा न करें, प्रथम तीर्थयात्रा व देवदर्शन गुरु शुक्र अस्त में वर्जित है।

द्विर्द्वार लग्न

दिशा	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
शुभ -	१।५।९	२।६।१०	३।७।११	४।८।१२
मध्यम -	२।६।१०	३।७।११	४।८।१२	१।५।९
भय -	४।८।१२	१।५।९	२।६।१०	३।७।११
महद्भय -	३।७।११	४।८।१२	१।५।९	२।६।१०

सिद्धादियोग चक्र

(दिवस तिथि नक्षत्रादि से)

योगनामानि -	सिद्धियोग	अमृतयोग	मृत्युयोग	सर्वार्थसिद्धियोग
रविवार	३-८-१३	५-१०-१५	१-६-११	अश्वि, हस्त, पुष्य, मूल उत्त.३
चन्द्रवार	१-६-११	५-१०-१५	२-७-१२	रोहि, मृग, पुष्य, अनु, श्रवण
मङ्गलवार	३-८-१३	२-७-१२	१-६-११	अश्विनी, कृत्तिका,आश्ले.उ.भा.
बुधवार	२-७-१२	१-६-११	३-८-१३	कृत्ति.रोहि, मृग, हस्त, अनु.
गुरुवार	५-१०-१५	३-८-१३	४-९-१४	अश्वि, पुन, अनु, पुष्य, रेवती
शुक्रवार	१-६-११	४-९-१४	२-७-१२	अश्वि, पुन, अनु, श्रवण, रेवती
शनिवार	४-९-१४	१-६-११	५-१०-१५	रोहिणी, स्वाती, श्रवण

रामदैवज्ञ मत में यात्रामुहूर्त्त

पौष	माघ	फा.	चैत्र	वैशा.	ज्येष्ठ	आष.	श्राव.	भाद्र.	आश्वि.	कार्ति.	मार्ग.	पूर्व	दक्षिण	पश्चि.	उत्त.
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	सौख्य	क्लेश	भीति	लाभ
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	शून्य	दारि.	दारि.	मिश्र
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	हानि	दु:ख	लाभ	लाभ
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	लाभ	सौख्य	शुभ	लाभ
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	लाभ	लाभ	लाभ	सुख
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	भय	लाभ	मृत्यु	लाभ
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	लाभ	कष्ट	लाभ	सुख
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	कष्ट	सौख्य	क्लेश	सुख
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	सौख्य	लाभ	सिद्धि	कष्ट
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	क्लेश	सिद्धि	लाभ	धन
११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	मृत्यु	लाभ	लाभ	शुभ
१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	शुभ	सौख्य	मृत्यु	कष्ट

तृतीया - त्रयोदशी, चतुर्थी - चतुर्दशी, पञ्चमी - पूर्णमा का फल समान जानना चाहिए। अमावस्या में यात्रा वर्जित है, पक्ष का विचार नहीं है।

सर्वदिग्गमननक्षत्राणि - अश्विनीमृगशिरापुष्यश्रवणनक्षत्राणि सर्वदिग्गमने शुभानि।

विदिक्शूलविचार:

शनौ पूर्वे, चन्द्रे अग्निकोणे, गुरौ याम्यां, बुधे नैर्ऋत्यां, सूर्ये प्रतीच्यां, शुक्रे वायुकोणे, उत्तरस्यां मङ्गले बुधे, ऐशान्यां बुधमन्दयोर्न गन्तव्यम्।

लग्नचन्द्रयोर्वास:

मेषसिंहधनुराशिषु पूर्वस्यां, वृषकन्यामकरराशिषु दक्षिणस्यां, मिथुनतुलाकुम्भराशिषु पश्चिमायां, कर्कवृश्चिकमीनराशिषु चोत्तरस्यां लग्नचन्द्रयोर्वास:। सम्मुखदक्षिणलग्नचन्द्रयो: यात्रा शुभा। परं सर्वदिग्गमननक्षत्रेषु वामपृष्ठचन्द्रेऽपि यात्रा शुभा।

चन्द्रविचार:

जन्मनामग्रामादिराशितोऽभीष्टदिनस्य चन्द्रं यावद्गणनीयम्। तत्र १, २, ३, ५, ६, ७, ९, १०, ११ संख्याकश्चन्द्र: शुभप्रद:। ८ चन्द्र: मृत्युप्रद:। ४ कलहद:। १२ हानिकारक:। तत्र दुष्टे चन्द्रे तद्दोषशान्त्यर्थमामतण्डुलशंखदधिश्वेतवस्त्रादिदानं कार्यम्।

द्वादशचन्द्रस्य विशेष:

आधाने सम्प्रदाने च विवादे राजविग्रहे। पाणिग्रहे प्रयाणे च चन्द्रो द्वादशग: शुभ:। अभिषेके निषेके च गृहे पुंसवनादिषु। यात्रायुद्धे विवादे च चन्द्रो द्वादशग: शुभ:।

जन्मराशि-नामराशिवशेन विचारणीयविषया:

विवाहे सर्वमांगल्ये यात्रायां ग्रहगोचरे। जन्मराशिप्रधानत्वं नामराशिं न चिन्तयेत्। देशे ग्रामे गृहे युद्धे सेवायां व्यवहारके। नामराशिप्रधानत्वं जन्मराशिं न चिन्त्येत्। काकिण्यां वर्गशुद्धौ च वादे द्यूते स्वरोदये। मन्त्रे पुनर्भूवरणे नामराशे: प्रधानता।।

जन्मनक्षत्रे त्याज्या: - जन्मनक्षत्रगश्चन्द्र: प्रशस्त: सर्वकर्मसु। क्षौरभैषज्यवादाध्वकर्त्तनेषु विवर्जयेत्।

जन्ममासे त्याज्या: - क्षौरकर्म दीर्घयात्रा कर्णवेधश्च।

पञ्चक विचार

धनिष्ठा-शतभिषा-पूर्वभाद्र-उत्तरभाद्र-रेवतीनक्षत्राणि पञ्चकसंज्ञकानि। तत्र दक्षिणदिग्गमन-गृहाच्छादन-प्रेतदाह-तृणकाष्ठादिसंग्रहशय्याविताननिर्माणादिकं च त्येजत्। तत्रापवाद: - वस्वादौ शतभिग्मध्ये पूर्वादौ चोत्तरान्तके। पञ्च पञ्च घटी त्याज्या रेवतीं सकलां त्यजेत्।

दग्धतिथिमासान्तादिविचार:

मीने धनुषि स्थिते सूर्ये द्वितीया तिथि:, वृषे कुम्भे स्थिते सूर्ये चतुर्थी, मेषे कर्के स्थिते सूर्ये षष्ठी, मिथुने कन्यायां स्थिते सूर्येष्टमी, सिंहे वृश्चिके स्थिते सूर्ये दशमी, तुले मकरे च स्थिते सूर्ये द्वादशी तिथिर्दग्धा भवति। तत्र शुभकार्यं निषिद्धम्। एवमेव संक्रान्तिदिनं तत्पूर्वापरदिनञ्च (मासान्तमासादिसञ्चकम्) यात्रादिसकलशुभकार्येषु त्याज्यम्।

मन्त्रग्रहण मुहूर्त

◆ **कालशुद्धि -** सौरक्रम से बैशाख, श्रावण, आश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष माघ, फाल्गुन मासों में। संक्रान्तौ, पूर्णिमायां, नवरात्रमध्ये, ग्रहणे, सिद्धिक्षेत्रे, मन्वादियुगादिषु च मुहूर्त विनाऽपि मन्त्रग्रहणं शुभम्।◆ **वार -** रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र। शुद्धसमय प्रातः वा मध्याह्न में ।

◆ **तिथि -** २, ३, ५, ६, ७, १०, ११, १२, १३, १५शुक्लपक्ष। कृष्ण पञ्चमी तक।

◆ **नक्षत्र -** अश्विनी, रोहिणी, पुनर्वसु, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, मूल, अभिजित्, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती।◆ **लग्नशुद्धि -** २, ३, ५, ७, ९, १२ लग्नों मे, शुभग्रह १, ४, ५, ७, ९, १० भावों में, पापग्रह ३, ६, ११ में, शुभ है।

राहु (काल) वासः

सौरक्रमेण मार्गपौषमाघमासेषु पूर्वस्याम्। फाल्गुनचैत्रवैशाखेषु दक्षिणस्याम्। ज्येष्ठाषाढश्रावणेषुपश्चिमायाम्। भाद्राश्विनकार्तिकेषूत्तरस्यां कालवासः।

पुराणादि श्रवण मुहूर्त

◆ **कालशुद्धि -** उत्तरायण में श्रावण, आश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष मासों में शुभ। तीर्थक्षेत्र में देवालय में सिद्धिक्षेत्र मे पर्वविशेष नवरात्रादि में मुहूर्त के विना भी शुभ होता है। ◆ **वार -** रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र। ◆ **तिथि -** २, ३, ५, ७, ८, १०, ११, १२, १३, १५शुक्लपक्ष। कृष्ण पञ्चमी तक। ◆ **नक्षत्र -** अश्विनी, रोहिणी, मृगशीर्ष, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, श्रवण, । ◆ **लग्नशुद्धि -** लग्नों मे शुभग्रह दृष्ट या युत हो, शुभग्रह १, ४, ५, ७, ९, १० भावों में, पापग्रह ३, ६, ११ में शुभ है।

इन्धन स्थापन मुहूर्त

◆ **कालशुद्धि -** सूर्यसंक्रान्ति के नक्षत्रों से ६ नक्षत्रों में शुभ होता है। तदन्तर ६ नक्षत्रों में अशुभ, उसके ४ नक्षत्रों में शुभ, अग्रिम ८ नक्षत्रों में अशुभ, तत्पश्चात् ४ नक्षत्रों में शुभ होता है।

नवान्न भक्षण मुहूर्त

◆ **कालशुद्धि -** नवान्न भक्षण में जन्मतारा, विशाखानक्षत्र में सूर्य, कृष्णपक्ष का अष्टम चन्द्र, सौरक्रम में कार्तिक, पौष, चैत्र, हरिशयन निषिद्ध होता है। ◆ **वार -** रवि, चन्द्र, बुध, गुरु।

◆ **तिथि -** २, ३, ५, ७, ८, १०, १२, १५शुक्लपक्ष। अभाव से कृष्ण पञ्चमी तक।

◆ **नक्षत्र -** अश्विनी, रोहिणी, मृगशीर्ष, पुनर्वसु, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, मूल, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती शुभ। मूल नक्षत्र में मध्यम। ◆ **लग्नशुद्धि -** वृश्चिक में ३ अंश २०कला के बाद १३ अंश तक। आवश्यक होने पर २३ अंश तक भी। मकर के ७ अंश के बाद तथा कुम्भ में सूर्य हो तो। २, ३, ४, ६, ७, ९, १२ लग्नों में शुभग्रह दृष्ट युत वा स्वस्वामी युत हो तो शुभ।

बीज बोने का मुहूर्त

◆ **वार -** चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र। ◆ **तिथि -** २, ३, ५, ८, १०, ११, १२, १३, १५शुक्लपक्ष। ◆ **नक्षत्र -** अश्विनी, रोहिणी, मृगशीर्ष, पुनर्वसु, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, रेवती शुभ। ◆ **लग्नशुद्धि -** २, ३, ५, ७, ९, १२ लग्नों मे, शुभग्रह १, ४, ५, ७, ९, १० भावों में, पापग्रह ३, ६, ११ में, शुभ है। लग्नों में शुभग्रह दृष्ट युत वा स्वस्वामी युत हो तो शुभ।

राहुनक्षत्र से बीज बोने में फणिचक्र

नक्षत्र	1-8	9-11	12	13-15	16	17-19	20	21-23	24-27
स्थान	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ

हल चलाने का मुहूर्त

◆ **वार -** चन्द्र, मङ्गल, बुध, गुरु, शुक्र। ◆ **तिथि -** २, ३, ५, ८, १०, ११, १२, १३, १५शुक्लपक्ष। कृष्णपक्ष पञ्चमी तक। ◆ **नक्षत्र -** अश्विनी, रोहिणी, मृगशीर्ष, पुनर्वसु, मघा, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वाती, विशाखा, अनुराधा, मूल, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती शुभ। ◆ **लग्नशुद्धि -** शुभलग्न में, पापग्रह निर्बल होने पर, शुभग्रह बलयुक्त होने पर, चन्द्र जलचर राशि के नवांश में स्थित होने पर, गुरु शुक्र बुध के लग्न में होने पर शुभ होता है।

सूर्य भुक्त नक्षत्र से हलचक्र

नक्षत्र	1-3	4-11	12-20	21-28
फल	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ

धान रोपने का मुहूर्त

◆ **वार -** सूर्य, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र। ◆ **नक्षत्र -** रोहिणी, उ.फा., विशाखा, मूल, शतभिषा, पू.भा. में शुभ। ◆ **लग्नशुद्धि -** शुभ तिथि एवं शुभलग्न में शुभ होता है।

ऋण देने का मुहूर्त

◆ **वार -** चन्द्र, गुरु, शुक्र, शनि। ◆ **नक्षत्र -** स्वाती, पुनर्वसु, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, मूल, पुष्य, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, शुभ। ◆ **लग्नशुद्धि -** १, ४, ७, १० लग्न में, शुभतिथि में होने पर शुभ होता है।**ऋणदान में निषिद्ध समय -** बुधवार, भरणी, कृतिका, आर्द्रा, आश्लेषा, मघा, पूर्वा ३, चित्रा, ज्येष्ठा नक्षत्रों में, भद्रा एवं पात योगों में निषिद्ध होता है। **ऋणग्रहण में निषिद्ध समय -** रवि मङ्गल वार में, संक्रान्ति में, वृद्धि योग एवं हस्त नक्षत्र में, इन कालों में ऋणग्रहण नहीं करना चाहिये।

दुकान खोलने का मुहूर्त

◆ **वार -** सूर्य, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र, शनि। ◆ **तिथि -** कृष्णपक्ष की दशमी तक। अष्टमी को छोडकर शुक्लपक्ष की सभी तिथियों में।◆ **नक्षत्र -** अश्विनी, रेवती, पुष्य, हस्त, उत्तरा, अनुराधा, अभिजित् शुभ। ◆ **लग्नशुद्धि -** कुम्भ लग्न को छोडकर सभी लग्न में, चन्द्र शुक्र लग्न में। ८, २ पापग्रह रहित, २, १०, ११ शुभग्रह।

मिल/कारागाना प्रारम्भ करने का मुहूर्त

◆ **वार -** सूर्य, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र। ◆ **तिथि -** २, ३, ५, ७, १०, ११, १३, १५शुक्लपक्ष। ◆ **नक्षत्र -** भरणी, कृतिका, आश्लेषा, विशाखा, पूर्वा ३ शुभ। ◆ **लग्नशुद्धि -** कुम्भ के विना लग्नों मे शुभग्रह दृष्ट या युत हो, शुभग्रह १, २, ४, ५, ७, १० भावों में रहने पर, पापग्रह ३, ६, ११ में, शुभ है।

वस्तु खरीदने का मुहूर्त

◆ **नक्षत्र -** अश्विनी, चित्रा, स्वाती, श्रवण, शतभिषा, रेवती में शुभ।बुध एवं रविवार श्रेष्ठ। ◆ **लग्नशुद्धि -** शुभतिथि, शुभलग्न, शुभदिनों में वस्तु खरीदना शुभ होता है।

वस्तु बेचने का मुहूर्त

◆ **नक्षत्र -** पू.फा.,पू.षा.,विशाखा,कृत्तिका, आश्लेषा एवं भरणी नक्षत्र।◆ **वार -** गुरुवार व सोमवार श्रेष्ठ।

औषधि खाने का मुहूर्त

◆ **वार -** सूर्य, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र। ◆ **नक्षत्र -** अश्विनी, मृगशीर्ष, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, मूल, अभिजित्, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रोहिणी में शुभ।◆ **लग्नशुद्धि -** ३, ६, ९, १२ लग्नों में, शुभग्रह ३, ६, ९, १२ राशिमें स्थित हो, तथा लग्न से ७, ८, १२ स्थान ग्रहरहित हों तो औषधि खाना शुभ होता है।

आपरेशन का मुहूर्त

◆ **वार -** सूर्य, मङ्गल, गुरु। ◆ **नक्षत्र -** अश्विनी, रोहिणी, मृगशीर्ष, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, ज्येष्ठा, अभिजित्, श्रवण, शतभिषा में शुभ। ◆ **लग्नशुद्धि -** शुभतिथि शुभलग्नों में शुभ होता है।

चिकित्सा का मुहूर्त

◆ **वार -** सूर्य, चन्द्र, मङ्गल, गुरु, शुक्र।◆ **नक्षत्र -** अश्वि, रो., मृग., पुष्य, ह., चित्रा, स्वाती, अनु, ज्ये. अभि., श्रवण, शत. में शुभ।◆ **लग्नशुद्धि -** शुभतिथि एवं लग्नों में शुभ होता है।

उग्रकर्म/अभिचार करने का मुहूर्त

◆ **वार -** मङ्गल, शनि।◆ **नक्षत्र -** पूर्वा ३, भरणी, मघा, मूल, ज्येष्ठा, आश्लेषा, आर्द्रा में शुभ।◆ **तिथि -** १, ३, ४, ५, ९, १०, ११, १४ तिथियों में शुभ।◆ **लग्नशुद्धि -** १, ८, १०, ११ लग्नों में शुभ होता है।

वाहनादि चलाने का मुहूर्त

◆ **वार -** चन्द्र, मङ्गल, गुरु, शुक्र, शनि।◆ **नक्षत्र -** अश्विनी, मृगशीर्ष, पुनर्वसु, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, ज्येष्ठा, रेवती में शुभ।◆ **तिथि -** १, २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १३, १५ तिथियों में शुभ।◆ **लग्नशुद्धि -** चतुर्थेश बलयुक्त होकर १, ४, ५, ७, ९, १० में स्थित होने पर, लग्नेश दशमेश नवमेश भी १, ४, ५, ७, ९, १० में बली हों, पापग्रह ३, ६, ११ में स्थित हों यानादि चलाना शुभ होता है।

त्रिपुष्करयोग/द्विपुष्करयोग

भद्रासंज्ञक (२/७/१२) तिथि, **शनि-भौम-रविवार** में और **विशाखा, उत्तराफाल्गुनी, पूर्वाभाद्रपद, पुनर्वसु, कृत्तिका एवं उत्तराषाढा** ये तीन पाद वाले ६ नक्षत्र अर्थात् जिस दिन उक्त तिथि-वार-नक्षत्रों का योग हो, उसे त्रिपुष्करयोग कहते हैं। यह त्रिपुष्करयोग मृत्यु, विनाश तथा वृद्धि में त्रिगुणित फल देता है अर्थात् किसी की मृत्यु हो जाय तो उस कुटुम्ब में ३ व्यक्ति की मृत्यु होती है। यदि कोई वस्तु खो जाय नष्ट हो जाय तो ३ वस्तु खो जायेंगी या नष्ट हो जायेंगी एवं किसी वस्तु का लाभ हो तो ३ वस्तुएँ मिलेंगी, ऐसा जानना चाहिए। इसी प्रकार **धनिष्ठा, चित्रा, मृगशिरा** (२ चरण वाले नक्षत्र) यदि भद्रातिथि (२/७/१२), **शनि-भौम-रविवार** को पड जाय तो द्विपुष्कर योग होता है। यह द्विगुणित फल देता है। इन त्रिपुष्कर या द्विपुष्कर योगों में यदि कोई दुर्घटना या अप्रिय कार्य हो जाय तो पञ्चकशान्ति की भाँति त्रिपुष्कर, द्विपुष्कर शान्ति करनी चाहिए अथवा श्रीनारद जी के वचनानुसार ३ गोदान, २ गोदान करना चाहिए। यथा - **दद्यात्तद्दोषनाशाय गोत्रयं मूल्यमेव वा । द्विपुष्करे द्वयं दद्यान्न दोषस्त्वृक्षमात्रतः।।**

रवियोग

सूर्य स्थित नक्षत्र से वर्तमान चन्द्र स्थित नक्षत्र संख्या तक गणना करना चाहिए। यदि चन्द्र नक्षत्र संख्या ४, ६, ९, १०, १३, २० हो तो रवियोग होता है।

गृहारम्भ के ध्यातव्य विषय

वास्तुशास्त्र में गृहनिर्माण सम्बन्धी विधियों व नियमों का निर्देश किया गया है। बृहद्वास्तुमाला में भी कहा गया है - **द्वारशुद्धि निरीक्ष्यादौ भशुद्धि वृषचक्रतः। निष्पञ्चके स्थिरे लग्ने द्वयङ्गे वालय मारभेत्।। त्यक्त्वा कुजार्कयोश्चांश पृष्ठे चाग्रे स्थितं विधुम्। बुधेज्य राशिगं चार्कं कुर्याद् गेहं शुभाप्तये।।** सर्वप्रथम द्वारशुद्धि का विचार कर वृषचक्र के अनुसार नक्षत्र देखें, पञ्चक नक्षत्रों (धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती) को छोड़कर स्थिर अथवा द्विस्वभाव लग्न में गृहारम्भ करें, मंगल और सूर्य का अंश, आगे व पीछे (राशि) का चन्द्रमा, एवं मिथुन, कन्या, धनु व मीन राशि के सूर्य को छोड़कर गृहारम्भ करना चाहिए।

गृहारम्भ में राहु मुख विचार - गृहनिर्माण के समय राहुमुख विचार विशेषतया किया जाता है। कौन-कौन से समय में राहुमुख किस दिशा में हो यह ज्ञात करना अत्यावश्यक होता है।

गृहनिर्माण के समय सूर्य यदि सिंह, कन्या व तुला इन तीन राशियों में हो तो राहुमुख ईशानकोण में स्थापित करना चाहिए। वृश्चिक-धनु व मकर में सूर्य हो तो राहुमुख वायव्यकोण में, कुम्भ-मीन-मेष राशि में सूर्य हो तो राहुमुख नैऋत्यकोण में, वृष-मिथुन-कर्क राशि में हो तो राहुमुख अग्निकोण में होता है।

ग्रहों का उदयास्त, राशिप्रवेश, वक्रत्व, मार्गत्व

मंगलग्रह का उदयास्त

दिशा	दिनांक	भा.स्टा.स.	दिशा	दिनांक	भा.स्टा.स.
अस्त पश्चिम	11.07.2019	12:01	उदय पूर्व	13.10.2019	28:19

बुधग्रह का उदयास्त

दिशा	दिनांक	भा.स्टा.स.	दिशा	दिनांक	भा.स्टा.स.
अस्त पूर्व	06.05.2019	26:47	उदय पश्चिम	20.05.2019	28:28
अस्त पश्चिम	11.07.2019	12:37	उदय पूर्व	29.07.2019	10:29
अस्त पूर्व	25.08.2019	09:21	उदय पश्चिम	22.09.2019	18:15
अस्त पश्चिम	04.11.2019	21:08	उदय पूर्व	16.11.2019	10:24
अस्त पूर्व	22.12.2019	12:30	उदय पश्चिम	25.01.2020	29:32
अस्त पश्चिम	20.02.2020	26:37	उदय पूर्व	02.03.2020	17:17
अस्त पूर्व	18.04.2020	11:19			

गुरुग्रह का उदयास्त

दिशा	दिनांक	भा.स्टा.स.	दिशा	दिनांक	भा.स्टा.स.
अस्त पश्चिम	15.12.2019	29:57	उदय पूर्व	08.01.2020	30:33

शुक्रग्रह का उदयास्त

दिशा	दिनांक	भा.स्टा.स.	दिशा	दिनांक	भा.स्टा.स.
अस्त पूर्व	23.07.2019	14:53	उदय पश्चिम	09.09.2019	28:39

शनिग्रह का उदयास्त

दिशा	दिनांक	भा.स्टा.स.	दिशा	दिनांक	भा.स्टा.स.
अस्त पश्चिम	30.12.2019	24:16	उदय पूर्व	29.01.2020	29:51

सूर्य नक्षत्र प्रवेश

नक्षत्र	दिनांक	भा.स्टा.स.	नक्षत्र	दिनांक	भा.स्टा.स.
अश्विनी	14.04.2019	14:09	भरणी	28.04.2019	06:03
कृत्तिका	11.05.2019	24:08	रोहिणी	25.05.2019	20:26
मृगशिरा	08.06.2019	18:13	आर्द्रा	22.06.2019	17:19
पुनर्वसु	06.07.2019	16:50	पुष्य	20.06.2019	16:26
आश्लेषा	03.08.2019	15:18	मघा	17.08.2019	13:02
पू.फा.	31.08.2019	09:00	उ.फा.	13.09.2019	26:54
हस्त	27.09.2019	18:27	चित्रा	11.10.2019	07:26
स्वाती	24.10.2019	19:00	विशाखा	06.11.2019	26:04
अनुराधा	20.11.2019	08:12	ज्येष्ठा	03.12.2019	12:24
मूल	16.12.2019	15:28	पूर्वाषाढा	20.12.2019	17:36
उत्तराषाढा	11.01.2020	19:36	श्रवण	24.01.2020	21:51
धनिष्ठा	06.02.2020	24:57	शतभिषा	19.02.2020	29:30
पू.भा.	04.03.2020	11:43	उ.भा.	17.03.2020	20:14
रेवती	31.03.2020	06:58	अश्विनी	13.04.2020	20:23

निरयण सूर्य राशि प्रवेश

राशि	दिनांक	भा.स्टा.स.	राशि	दिनांक	भा.स्टा.स.
मेष	14.04.2019	14:09	वृष	15.05.2019	11:01
मिथुन	15.06.2019	17:38	कर्क	16.07.2019	28:34
सिंह	17.08.2019	13:02	कन्या	17.09.2019	13:03
तुला	17.10.2019	25:03	वृश्चिक	16.11.2019	24:51
धनु	16.12.2019	15:28	मकर	14.01.2020	26:08
कुम्भ	13.02.2020	11:54	मीन	13.04.2020	20:23

मंगल राशि प्रवेश

राशि	दिनांक	भा.स्टा.स.	राशि	दिनांक	भा.स्टा.स.
मिथुन	07.05.2019	06:53	कर्क	22.06.2019	23:23
सिंह	08.08.2019	28:47	कन्या	25.09.2019	06:33
तुला	10.11.2019	14:24	वृश्चिक	25.12.2019	21:29
धनु	07.02.2020	27:52	मकर	22.03.2020	14:40

बुध राशि प्रवेश

राशि	दिनांक	भा.स्टा.स.	राशि	दिनांक	भा.स्टा.स.
मीन	11.04.2019	28:24	मेष	03.05.2019	17:03
वृष	18.05.2019	23:35	मिथुन	01.06.2019	24:17
कर्क	20.06.2019	26:27	मिथुन (व.)	30.07.2019	11:51
कर्क	03.08.2019	05:59	सिंह	26.08.2019	14:07
कन्या	10.09.2019	28:59	तुला	29.09.2019	12:55
वृश्चिक	23.10.2019	23:12	तुला (व.)	07.11.2019	15:55
वृश्चिक	05.12.2019	10:34	धनु	25.12.2019	15:46
मकर	13.01.2020	11:35	कुम्भ	30.01.2019	26:53
मीन	07.04.2020	14:24			

गुरु राशि प्रवेश

राशि	दिनांक	भा.स्टा.स.	राशि	दिनांक	भा.स्टा.स.
धनु	29.03.2019	20:05	वृश्चिक (व)	22.04.2019	25:14
धनु	04.11.2019	29:17	मकर	29.04.2020	27:54

शुक्र राशि प्रवेश

राशि	दिनांक	भा.स्टा.स.	राशि	दिनांक	भा.स्टा.स.
मीन	15.04.2019	25:04	मेष	10.05.2019	19:06
वृष	04.06.2019	11:20	मिथुन	28.06.2019	25:34
कर्क	23.07.2019	12:49	सिंह	16.08.2019	20:39
कन्या	09.09.2019	25:41	तुला	03.10.2019	29:14
वृश्चिक	28.10.2019	08:32	धनु	21.11.2019	12:23
मकर	15.12.2019	17:59	कुम्भ	08.01.2020	28:23
मीन	02.02.2020	26:18	मेष	29.02.2020	25:33
वृष	28:03.2020	15:38			

शनि राशि प्रवेश

राशि	दिनांक	भा.स्टा.स.
मकर	24.01.2020	09:56

मंगल ग्रह का वक्रत्व मार्गत्व

इस वर्ष वक्री नहीं है।

बुध ग्रह का वक्रत्व मार्गत्व

गति	दिनांक	भा.स्टा.स.	गति	दिनांक	भा.स्टा.स.
मार्गी	28.03.2019	19:33	वक्री	07.07.2019	28:44
मार्गी	01.08.2019	09:20	वक्री	31.10.2019	21:01
मार्गी	20.11.2019	24:54	वक्री	16.02.2019	30:24
मार्गी	10.03.2019	09:28			

गुरु ग्रह का वक्रत्व मार्गत्व

गति	दिनांक	भा.स्टा.स.	गति	दिनांक	भा.स्टा.स.
वक्री	10.04.2019	22:31	मार्गी	11.08.2019	19:07

शुक्र ग्रह का वक्रत्व मार्गत्व

इस वर्ष वक्री नहीं है।

शनि ग्रह का वक्रत्व मार्गत्व

गति	दिनांक	भा.स्टा.स.	गति	दिनांक	भा.स्टा.स.
वक्री	30.04.2019	06:26	मार्गी	18.09.2019	14:16

वर्षा ज्ञान के लिए सप्तनाडी चक्र

स्वामी	शनि	रवि	भौम	गुरु	शुक्र	बुध	चन्द्र
संज्ञा	चंडा	वात	वह्नि	सौम्या	नीरा	जला	अमृत
नक्षत्र	कृ.	रोहि.	मृग.	आर्द्रा	पुन.	पुष्य	श्लेषा
नक्षत्र	विशा.	स्वाती	चित्रा	हस्त	उ.फा.	पू.फा.	मघा
नक्षत्र	अनु.	ज्ये.	मूल	पू.षा.	उ.षा.	अभि.	श्रव.
नक्षत्र	भर.	अश्वि	रेव.	उ.भा.	पू.भा.	शत.	धनि.

आर्द्रा आदि नक्षत्रों में वर्षा प्रमाण

आर्द्रा	पुनर्वसु	पुष्य	श्लेषा	मघा
३	२	२	२	२
पू.फा.	उ.फा.	हस्त	चित्रा	स्वाती
१।।	१।।	१	१।।	१

आषाढ ३, श्रावण ४, भाद्रपद ४, आश्विन१, कार्तिक में १, मार्गशीर्ष एवं पौष में भी साधरण।

सूर्य के नक्षत्र प्रवेशकाल द्वारा वृष्टि विचार

सूर्य के नक्षत्र प्रवेशकाल में सूर्य एवं चन्द्रमा दोनों यदि सूर्य के नक्षत्र में हो तो वायुचलन, चन्द्रनक्षत्र में होतो अनावृष्टि एवं एक सूर्य तथा दूसरा चन्द्र के नक्षत्र में स्थित हो तो सुवृष्टि होती है। **अन्यप्रकार** - जिस समय बुध, शुक्र, मंगल एवं गुरु एक नाडी के नक्षत्रों में स्थित होते हैं, उस समय अवश्य ही वृष्टि होती है।

उत्पात फल ज्ञान के लिए चतुर्विध मण्डल

अग्निमण्डल	कृत्ति.	भरणी	पुष्य	मघा	पू.भा.	विशाखा	पू.फा.	**अशुभ**
वरुणमण्डल	मूल	अश्ले.	शत.	आर्द्रा	रेवती	उ.भा.	पू.षा.	**शुभ**
वायुमण्डल	पुन.	उ.फा.	अश्वि.	हस्त	चित्रा	स्वाती	मृग.	**अशुभ**
चन्द्रमण्डल	अभि.	उ.षा.	अनु.	श्रव.	धनि.	ज्येष्ठा	रोहिणी	**शुभ**

उपरोक्त जिस मण्डल के नक्षत्रों में भूकम्प, उत्पात आदि होते हैं, उस मण्डल जनित प्रभावों के द्वारा द्रव्य, जन्तु एवं देशों को पीड़ा देते हैं। इसमें भी वायु एवं अग्निमण्डल विशेष अनिष्टकारक होते हैं।

गण्डान्त जनन दोष

गण्डान्त जनन दोष तीन प्रकार का होता है - तिथिगण्डान्त, नक्षत्रगण्डान्त और लग्नगण्डान्त। इनका विचार जन्म, यात्रा और विवाहादि कार्यों में करना चाहिए जैसा कि बृहत्पाराशर होराशास्त्र में प्राप्त होता है - **तिथिनक्षत्र लग्नानां गण्डान्तं त्रिविधं स्मृतम्। जन्म यात्रा विवाहादौ भवेत्तन्निधनप्रदम्।।**

तिथिगण्डान्त - पूर्णा तिथि की अन्तिम २ घटी तथा नन्दा तिथि की आरम्भिक २ घटी मिलाकर ४ घटी का तिथिगण्डान्त होता है। अर्थात् पूर्णिमा की अन्तिम २ घटी और प्रतिपदा की आरम्भिक २ घटी, पञ्चमी की अन्तिम २ घटी तथा षष्ठी की आरम्भिक २ घटी एवं दशमी की अन्तिम २ घटी तथा एकादशी की प्रारम्भिक २ घटी में तिथिगण्डान्त होता है। जैसा कि पराशर ने कहा है - **पूर्णानन्दाख्ययोस्तिथयो: सन्धौ नाडीचतुष्टयम्। अध ऊर्ध्वं च मैत्रेय तिथिगण्डान्तमुच्यते।।**

नक्षत्र गण्डान्त - रेवत्यन्त अश्विनी का आदि, श्लेषान्त मघा का आदि और ज्येष्ठान्त मूलादि की २-२ घटी अर्थात् ४ घटी नक्षत्र गण्डान्त होता है। **लग्न गण्डान्त -** मीन-मेष की, कर्क-सिंह की, वृश्चिक-धनु लग्न की सीमा में आधी घटी मिलाकर कुल १ घटी लग्नगण्डान्त कहा जाता है। **अभुक्तमूल जनन दोष -** पूर्वोक्त गण्डान्तों में ज्येष्ठा के अन्त की ५ घटी एवं मूल के आरम्भ की ८ घटी अभुक्त मूल कहा गया है। यह विघ्नकारक एवं अशुभफलदायक माना जाता है।

अभीष्ट स्थान के सूर्योदय साधन की विधि

उदाहरण - ०४ अप्रैल २०११ को भोपाल का सूर्योदय का साधन करना है। भोपाल अक्षांश है २३°।१६'उ। उस दिन उत्तरा क्रान्ति ०५°।२८'। २३ अक्षांश की पंक्ति में ०५ अंश की क्रान्ति का चर मिनट ०८ मि ३२ सेकण्ड है तथा ०६ अंश क्रान्ति का १० मि १४ सेकंड है। इन दोनों का अन्तर ०१।४२ आया अनुपात से २८ कला का मान ०।४७।३६ प्राप्त हुआ। इसे ०५ अंश के चर मिनट में जोडने पर ०९।२० प्राप्त हुआ। इसी प्रकार २४ अंश के अक्षांश पर ०५ अंश क्रान्ति का चर मिनट ०९।४६ मिला। इन दोनों के अनुपात से २३।१६ का चर मिनट ०९।२६ का चर मिनट ०९।२६ मिला। यही अभीष्ट स्थान का अभीष्ट दिन का चरमिनट हुआ।

अभीष्ट स्थान के स्पष्ट सूर्योदय साधन के लिये कोष्ठक			
उत्तरा क्रान्ति		दक्षिणा क्रान्ति	
उत्तर अक्षांश उदय के लिये	दक्षिण अक्षांश उदय के लिये	उत्तर अक्षांश उदय के लिये	दक्षिण अक्षांश उदय के लिये
चर.मि.-ऋण अस्त के लिये चर.मि.+धन	चर.मि. + धन अस्त के लिये चर.मि. -ऋण	चर.मि.+धन अस्त के लिये चर.मि.-ऋण	चर.मि. - ऋण अस्त के लिये चर.मि. + धन

६ घंटे में उपरोक्त चर संस्कार करके बेलान्तर संस्कार धन या ऋण हो तो उसमे धन या ऋण करने से स्थानिक स्पष्ट सूर्योदयास्त होगा। उपर्युक्त उदाहरण में भोपाल का चर मिनट ०९ मि २६ सेकण्ड प्राप्त हुये। उस दिन की क्रान्ति उत्तर थी और भोपाल का उत्तरी अक्षांश है। अत: सारिणी के अनुसार चर मिनट ऋण होंगे। इन्हे ६।०० में से घटाने पर ०५।५१ प्राप्त हुआ।

वेलान्तर - वेलान्तर सारिणी द्वारा मध्यम सूर्योदय से स्पष्ट सूर्योदय बनाया जाता है। इष्ट दिन के दिनाङ्क तथा मास के सम्मुख कोष्ठक द्वारा इष्टदिन का वेलान्तर सिद्ध होगा। ०४ अप्रैल का वेलान्तर सारिणी में + ०३।२१ दिया गया है। इसे पूर्वोक्त उदाहरण के ०५।५१ मान में जोडने पर ०५।५४ मिला।

देशान्तर - उसमे रेखान्तर मिनिट धन हो तो ऋण और ऋण हो तो धन करने से स्पष्ट सूर्योदयास्त का मानक समय (स्टा.टाईम) होगा। भोपाल का भारतीय मानक रेखांश के आधार पर देशान्तर - १९मि.३६से. है। इन्हे उपर्युक्त नियम के अनुसार उदाहरण में प्राप्त मान में जोडने पर ०६ मि.१३ से. ३६प्र.से. मिला जिसे हम लगभग ०६।१४ ले सकते है। इसी तरह दूसरे स्थानों का भी सूर्योदय साधन करके तिथ्यादि का व्यवहार कर सकते हैं।

अक्षांश से सारिणी द्वारा पलभाज्ञान की विधि -

पलांशतश्चेदधिकं कलाद्यं व्यतीतभोग्याक्षप्रमान्तरघ्नम्।
षष्ठ्या हृतं तत्फलयुग्गता याऽक्षभा भवेत्साऽभिमता सुखार्थम्।।
(जन्मपत्रदीपक, श्लो - ११)

गत अंश और ऐष्य अंश सम्बन्धि पलभाओं के अन्तर को शेष कला से गुणा कर के ६० का भाग देने पर जो लब्धि आवे उसको गत अक्षांश सम्बन्धी पलभा में यथास्थान जोड देने से अभीष्ट पलभा हो जाती है।।

भोपाल के अक्षांश $23^0/16$ पर से पलभाज्ञान करना है तो आगे दी हुई पलभा सारिणी में 23 अक्षांश का फल 5/5/38 एवं 24 अक्षांश सम्बन्धी फल 5/20/31 इन दोनों फलों के अन्तर 5/20/31 - 5/5/38 = 0/14/53 को 16 से गुणा करके गुणनफल को ६० का भाग दिया तो लब्धि।

$$\frac{16 \times 0:14:53}{60} = 0:3:58$$

इस 0/3/58 को गतांश सम्बन्धी पलभा 5/5/38 + 12/24 = 6/3/31 में जोड दिया। तो स्वल्पान्तर से 5/9/36 भोपाल की अङ्गुलात्मिका पलभा हुई। इसी को अक्षभा या विषुवती भी कहते हैं।

पलभासारिणी

अंश	पलभा	अंश	पलभा	अंश	पलभा	अंश	पलभा
1	0/12/34	15	3/12/54	29	6/39/04	43	11/11/24
2	0/25/09	16	3/26/24	30	6/55/41	44	11/35/24
3	0/37/44	17	3/40/05	31	7/12/36	45	12/00/00
4	0/50/21	18	3/53/06	32	7/29/53	46	12/25/37
5	1/03/00	19	4/07/55	33	7/47/31	47	12/52/04
6	1/15/14	20	4/22/01	34	8/05/38	48	13/19/34
7	1/28/23	21	4/36/22	35	8/24/07	49	13/48/18
8	1/41/10	22	4/50/53	36	8/43/05	50	14/18/03
9	1/54/00	23	5/05/38	37	9/02/25	51	14/18/03
10	2/06/54	24	5/20/31	38	9/22/30	52	15/21/32
11	2/19/55	25	5/32/42	39	9/43/01	53	15/55/30
12	2/33/00	26	5/51/07	40	10/3/36	54	16/31/01
13	2/46/41	27	6/06/50	41	10/28/48	55	17/08/34
14	2/59/28	28	6/22/48	42	10/48/18		

।। चरसारिणी ।।

(सारिणी के ऊपर की प्रथम पंक्ति में क्रान्त्यंश है तथा सारणी के वामपार्श्व में प्रथम पंक्ति में अक्षांश है।)

क्रान्ति	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24
11	00 47	01 34	02 20	03 07	03 53	04 40	05 28	06 16	07 03	07 51	08 40	09 29	10 17	11 07	11 56	12 47	13 38	14 29	15 21	16 14	17 07	18 01	18 56	19 52
12	00 51	01 42	02 33	03 24	04 16	05 09	05 59	06 50	07 43	08 36	09 28	10 21	11 15	12 09	13 03	13 59	14 54	15 50	16 47	17 45	18 43	19 42	20 42	21 43
13	00 55	01 51	02 46	03 42	04 38	05 34	06 30	07 26	08 23	09 20	10 17	11 15	12 13	13 12	14 11	15 11	16 11	17 12	18 16	19 17	20 20	21 25	22 30	23 36
14	01 00	02 00	03 00	04 00	05 00	06 00	07 01	08 02	09 03	10 05	11 07	12 09	13 12	14 15	15 19	16 24	17 29	18 35	19 47	20 50	21 58	23 08	24 19	25 30
15	01 04	02 09	03 13	04 18	05 21	06 27	07 31	08 38	09 44	10 50	11 57	13 04	14 10	15 29	16 27	17 38	18 48	19 59	21 10	22 23	23 35	24 52	26 07	27 24
16	01 09	02 18	03 27	04 36	05 44	06 54	08 04	09 14	10 25	11 36	12 47	13 59	15 10	16 24	17 36	18 52	20 07	21 23	22 40	23 57	25 17	26 37	27 58	29 20
17	01 13	02 27	03 40	04 54	06 08	07 22	08 36	09 51	11 06	12 22	13 38	14 54	16 11	17 29	18 48	20 07	21 27	22 48	24 10	25 33	26 58	28 23	29 50	31 18
18	01 18	02 36	03 53	05 12	06 31	07 50	09 09	10 28	11 48	13 08	14 29	15 50	17 12	18 34	19 59	21 23	22 48	24 14	25 43	27 10	28 40	30 10	31 43	33 16
19	01 23	02 45	04 08	05 31	06 54	08 18	09 42	11 06	12 30	13 55	15 21	16 47	18 14	19 42	21 11	22 40	24 10	25 42	27 14	28 48	30 23	31 59	33 37	35 16
20	01 27	02 55	04 22	05 50	07 16	08 46	10 15	11 44	13 13	14 43	16 14	17 45	19 17	20 50	22 23	23 57	25 33	27 10	28 47	30 27	32 08	33 49	35 33	37 18
21	01 32	03 04	04 36	06 09	07 42	09 15	10 48	12 22	13 57	15 31	17 07	18 43	20 20	21 58	23 37	25 17	26 58	28 40	30 23	32 08	33 54	35 41	37 31	39 22
22	01 37	03 14	04 51	06 29	08 06	09 44	11 22	13 01	14 40	16 20	18 01	19 42	21 25	23 08	24 52	26 37	28 23	30 11	31 59	33 49	35 42	37 35	39 30	41 27
23	01 42	03 24	05 06	06 48	08 32	10 14	11 57	13 41	15 25	17 10	18 56	20 42	22 30	24 18	26 06	27 56	29 50	31 43	33 37	35 33	37 31	39 30	41 32	43 34
24	01 47	03 34	05 21	07 08	08 56	10 44	12 32	14 21	16 11	18 01	19 52	21 43	23 36	25 30	27 24	29 20	31 18	33 16	35 16	37 18	39 22	41 27	43 34	45 44
25	01 52	03 44	05 36	07 28	09 21	11 14	13 08	15 02	16 57	18 52	20 48	22 45	24 43	26 42	28 43	30 44	32 47	34 52	36 57	39 05	41 15	43 26	45 40	47 56
26	01 57	03 54	05 52	07 49	09 47	11 45	13 44	15 43	17 42	19 44	21 46	23 48	25 52	27 56	30 02	32 09	34 18	36 28	38 40	40 54	43 13	45 28	47 48	50 10
27	02 02	04 05	06 07	08 10	10 13	12 17	14 21	16 26	18 31	20 37	22 44	24 52	27 02	29 12	31 23	33 36	35 51	38 06	40 25	42 45	45 07	47 32	49 58	52 27
28	02 08	04 15	06 23	08 31	10 40	12 49	14 58	17 08	19 19	21 31	23 44	25 57	28 12	30 28	32 46	35 05	37 25	39 48	42 12	44 38	47 06	49 38	52 11	54 47
29	02 13	04 26	06 40	08 53	11 07	13 22	15 37	17 52	20 09	22 26	24 44	27 04	29 25	31 48	34 10	36 35	39 02	41 30	44 01	46 33	49 08	51 46	54 27	57 09

क्रान्ति	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24
